रविवार, 20 जुलाई 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 34 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 5:02 | सूर्यास्त: 18:23 |

www.samagya.in

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

# समाज्ञा



भारत में बहुसंख्यक हिंदुओं के कारण अल्पसंख्यकों को पूरी स्वतंत्रता हासिल है: रीजीजू पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, श्रावण कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : दो चीज सीखिये पहला माफ करना और दूसरा शांत रहना।

# नहीं मान रहा चीन : ब्रह्मपुत्र नदी पर शुरू किया दुनिया का सबसे बड़े बांध का निर्माण, भारत का है कड़ा विरोध



**चीन :** भारत और बांग्लादेश के विरोध के बावजूद चीन ने दक्षिण-पूर्वी तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े बांध का निर्माण शुरू कर दिया है। उसका दावा है कि इससे हर साल 300 अरब किलोवाट बिजली का उत्पादन होगा। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि इस बांध से तिब्बत में बिजली की जरूरतें पूरी होंगी। परियोजना पर कुल 1.2 ट्रिलियन युआन (167 अरब डॉलर, करीब 14 लाख करोड़ रुपये) का निवेश होने की योजना है। विशेषज्ञों के अनुसार, चीन ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल कर सकता है।

चीन की इस परियोजना का भारत और बांग्लादेश विरोध कर रहे हैं। इसके बावजूद चीन ने इस परियोजना को जोर-शोर से शुरू करने का फैसला किया है। ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाने की शुरुआत का एलान खुद चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने किया है। शनिवार को चाइना याजियांग ग्रुप नाम की एक नई कंपनी का भी आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। शिन्हुआ ने बताया कि यह कंपनी तिब्बत के दक्षिण-पूर्व में स्थित निंगची शहर में स्थित पांच जलप्रपात बांधों वाली इस जलविद्युत परियोजना के निर्माण के लिए जिम्मेदार होगी।

**ड्रैगन भारी मात्रा में पानी छोड़ने की कुटिल चाल भी चल सकता है**

इस परियोजना से भारत में चिंताएं पैदा हो गई हैं, क्योंकि बांध के आकार और पैमाने के कारण चीन ब्रह्मपुत्र के जल प्रवाह को नियंत्रित कर सकेगा। जल प्रवाह पर अधिकार मिलने पर पड़ोसी देश के साथ टकराव की स्थिति में चीन सीमावर्ती क्षेत्रों में बाढ़ लाने के लिए भारी मात्रा में पानी छोड़ने की कुटिल चाल भी चल सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, चीन ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल कर सकता है। वह जरूरत पड़ने पर तिब्बत के बांध में जमा पानी को बिना किसी पूर्व सूचना के छोड़ सकता है। इससे अरुणाचल प्रदेश और असम के निचले इलाकों में बाढ़ आ सकती है और हालात बिगड़ सकते हैं। बड़े बांध के निर्माण से रिहायशी इलाकों के साथ जंगल और जंगली जानवरों पर भी इसका असर पड़ता है।

**भारत-चीन के बीच तनाव का कारण बनेगा ब्रह्मपुत्र पर बांध**

तिब्बत में इस नदी को यारलुंग जांगबो नाम से जाना जाता है। परियोजना के लिए इसी पर बांध निर्माण शुरु हुआ है। इसे हिमालय के करीब एक विशाल घाटी में बनाया जाएगा। इसी स्थान से ब्रह्मपुत्र नदी अरुणाचल प्रदेश और फिर बांग्लादेश की तरफ मुड़ जाती है। यह बांध चीन और भारत के बीच तनाव का कारण बन सकता है। चीन का दावा है कि निचले इलाकों पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। चीन के पर्यावरणविद लंबे समय से ब्रह्मपुत्र घाटी में बांध निर्माण के अपरिवर्तनीय प्रभाव को लेकर चिंतित हैं, जहां नदी 50 किलोमीटर (31 मील) के क्षेत्र में 2,000 मीटर (6,560 फीट) की ऊंचाई तक गिरती है। यह क्षेत्र एक राष्ट्रीय प्रकृति अभयारण्य और देश के प्रमुख जैव विविधता केंद्रों में से एक है।

**भारत भी ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बना रहा है**

यह भी दिलचस्प है कि चीन के अलावा ब्रह्मपुत्र पर भारत भी बांध बना रहा है। हालांकि, यह परियोजना तिब्बत नहीं, अरुणाचल प्रदेश में है। भारत और चीन ने सीमा पार की नदियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए 2006 में विशेषज्ञ स्तरीय तंत्र (ईएलएम) की स्थापना की थी। इसके तहत चीन बाढ़ के मौसम में भारत को ब्रह्मपुत्र नदी और सतलुज नदी के जलस्तर से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी मुहैया कराता है।

# पटना अस्पताल शूटआउट : बंगाल से पांच लोग गिरफ्तार, मुख्य संदिग्ध फरार

- **बिहार एसटीएफ ओंर पटना पुलिस ने बंगाल एसटीएफ के साथ संयुक्त अभियान में पांचों को दबोचा**
- **कोलकाता के न्यूटाउन स्थित आवासन में छिपे थे पांचों, मोबाइल टावर लोकेशन के जरिए ठिकाने तक पहुंची एसटीएफ**
- **बंगाल की जेल में बंद शेरू के इशारे पर हुई वारदात!**

**कोलकाता :** पटना के पारस अस्पताल में घुसकर गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या के मामले में बिहार एसटीएफ और पटना पुलिस ने बंगाल एसटीएफ के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान में कोलकाता से सटे न्यूटाउन इलाके से पांच संदिग्धों को शनिवार तड़के गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि संयुक्त छापेमारी के बाद न्यूटाउन के बहुत पाश शापुरजी में स्थित एक बहुमंजिला आवासीय परिसर से पांचों को पकड़ा गया। इनमें से चार आरोपितों को आवासन के दो अलग-अलग फ्लैट से जबकि एक को भागते समय आवासन के ठीक बाहर की मुख्य सड़क से दबोचा गया। बताया जा रहा है कि ये पांचों इस आवासन में छिपकर रह रहे थे।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया कि हत्याकांड का प्रमुख संदिग्ध भी कोलकाता में छिपे हुए थे लेकिन वे पुलिस की पकड़ से बचने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उन्हें पकडऩे के लिए नए सिरे से अभियान शुरू किया है। अधिकारी के अनुसार, गिरफ्तार संदिग्ध मिश्रा की हत्या करने वाले पांच प्रमुख आरोपितों को मदद मुहैया करा रहे थे। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, प्रमुख संदिग्ध एक सफेद वाहन में शहर से भाग गए। उक्त वाहन को बासंती



पटना अस्पताल शूटआउट फोटो

राजमार्ग से गुजरते हुए देखा गया।

अधिकारी ने बताया कि बाद में वाहन को तीन पुलिस थाना क्षेत्रों आनंदपुर, कोलकाता लेदर काम्प्लेक्स और भांगड़ से गुजरते हुए देखा गया। उनकी तलाश में टीम जुटी है।

वहीं, आवासन से पकड़े गए पांचों संदिग्धों को पुलिस की टीम कोलकाता के भवानी भवन स्थित बंगाल एसटीएफ के मुख्यालय में ले गई, जहां उनसे बिहार पुलिस द्वारा गहन पूछताछ की गई।

हालांकि पुलिस ने इन पांचों को पकड़े जाने के बारे में फिलहाल आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी है। अधिकारी ने बताया कि पांचों का मोबाइल फोन और अन्य दस्तावेज भी जब्त कर लिए गए हैं और इसकी जांच की जा रही है।

**अपराधियों को छिपने और लाने-ले जाने में मदद की**

अधिकारी ने कहा कि कथित तौर पर इन लोगों ने अपराधियों को छिपने और उन्हें लाने-ले जाने में मदद की। हम मामले की जांच के सिलसिले में उनके द्वारा की गई फोन काल और व्हाट्सऐप चैट की जांच कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि मोबाइल टावर लोकेशन के आधार पर एसटीएफ को यहां इनके ठिकाने तक पहुंचने में मदद मिली। पांचों शेरू सिंह गिरोह से जुड़े बताए जा रहे हैं। खबर है कि पिछले करीब छह-सात महीने से पांचों इस आवासन में रह रहे थे। पेशेवर अपराधी शेरू सिंह फिलहाल बंगाल के पुरुलिया जेल में बंद है। शेरू सिंह गिरोह पर ही चंदन मिश्रा की हत्या का आरोप है। बिहार एसटीएफ ने इस मामले में शुक्रवार को पुरुलिया जेल में शेरू सिंह से भी पूछताछ की थी। पटना के एक निजी अस्पताल में गुरुवार सुबह बंदूकधारियों ने हत्या के एक मामले में दोषी गैंगस्टर चंदन मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बिहार के बक्सर जिले का निवासी मिश्रा पैरोल पर जेल से बाहर था।

**कोलकाता से चार और संदिग्ध हिरासत में लिए गए**

इस बीच चंदन मिश्रा हत्याकांड में बंगाल से पांच लोगों की गिरफ्तारी से इतर चार और संदिग्धों को शनिवार देर रात कोलकाता के आनंदपुर थाना क्षेत्र के एक गेस्ट हाउस से पुलिस ने हिरासत में लिया है। चारों बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं। इनमें एक महिला हैं। पटना पुलिस व बंगाल एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई में चारों को आनंदपुर थाना से करीब 200 मीटर की दूरी पर स्थित गेस्ट हाउस से हिरासत में लिया।

## बंगाल से गिरफ्तारी पर श्रमिक भट्टाचार्य ने सरकार को घेरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिहार के पारस अस्पताल में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी पश्चिम बंगाल से होने पर बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्रमिक भट्टाचार्य ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल अब अपराधियों का सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है। श्रमिक भट्टाचार्य ने कहा, अपराधियों को लगता है कि बंगाल की सरकार उनके साथ है। यहां की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और हर बार संविधान की दुहाई दी जाती है। केवल बिहार के अपराधी ही नहीं, बांग्लादेश की भुज पार्टी से जुड़े एजेंट भी बंगाल में पकड़े जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, यहां सरकार नाम की कोई चीज नहीं बची है। नेता, नेत्री, अपराधी और घुसपैठिए - सब एक ही ढांचे में मिल गए हैं। पश्चिम बंगाल को अब इस स्थिति से मुक्ति की आवश्यकता है।

# अगले हफ्ते ब्रिटेन जा रहे पीएम मोदी, ट्रेड डील पर लगाएंगे मुहर

**मालदीव में मुइज्जू से भी करेंगे मुलाकात**



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 से 26 जुलाई के बीच ब्रिटेन और मालदीव की महत्वपूर्ण यात्रा पर रवाना होंगे, जिसका उद्देश्य भारत के कूटनीतिक रिश्तों को मजबूत करना है। इस दौरान व्यापारिक समझौते और राजनीतिक सहयोग पर विशेष जोर दिया जाएगा। यात्रा का पहला चरण 23-24 जुलाई को ब्रिटेन का होगा, जहां प्रधानमंत्री मोदी भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।

**एफटीए से प्रभावित होगा 99% निर्यात**

यह ऐतिहासिक समझौता भारत से ब्रिटेन को होने वाले 99% निर्यात को प्रभावित करेगा, क्योंकि इससे टैरिफ में भारी कटौती होगी। साथ ही, ब्रिटेन से भारत को व्हिस्की और कारों जैसे उत्पादों के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता तीन वर्षों की गहन वार्ताओं के बाद संभव हुआ है, जिसका मकसद दोनों देशों के बीच बाजार तक बेहतर पहुंच और अनुकूल व्यापारिक माहौल तैयार करना है।

**25-26 जुलाई को मालदीव जाएंगे पीएम मोदी**

इसके बाद प्रधानमंत्री 25-26 जुलाई को मालदीव जाएंगे, जहां वे मालदीव के 60वें राष्ट्रीय दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार के तहत होने वाली पीएम मोदी की यह यात्रा बेहद खास है क्योंकि यह दोनों देशों के रिश्तों में हाल ही में आई तल्खी के बाद पहली बार हो रही है, जो मालदीव के कुछ नेताओं की ओर से चलाए गए 'इंडिया आउट' कैंपेन के कारण पैदा हुई थी। यह यात्रा दोनों देशों के बीच फिर से विश्वास बहाली और सहयोग की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

# असम में बांग्ला बोलने वाले लोगों को धमकाया जा रहा, यह असंवैधानिक : ममता



- **भाषा विवाद के बीच ममता ने असम सरकार पर बोला जोरदार हमला**
- **कहा- असम में भाजपा का एजेंडा सारी हदें पार कर गया हैं, जनता इसका जवाब देगी**

**कोलकाता :** भाषा विवाद पर जारी सियासी घमासान के बीच बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को असम की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वहां बांग्ला बोलने वाले लोगों को डराया- धमकाया जा रहा है। ममता ने दावा किया कि लोगों को उनकी मातृभाषा, धर्म और पहचान के आधार पर निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने इसे असंवैधानिक और भेदभावपूर्ण बताते हुए कहा कि भाजपा का एजेंडा देश को बांटने वाला है और उसने अब इसकी सारी हदें पार कर दी है। ममता ने कहा कि असम की जनता इस विभाजनकारी रवैये के खिलाफ खड़ी हो रही है और इसका जवाब देगी।

एक्स पर एक पोस्ट में ममता ने कहा कि देश में बांग्ला दूसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है और असम में भी यह दूसरी सबसे आम भाषा है। ऐसे में जिन नागरिकों की मातृभाषा बांग्ला है और जो सभी धर्मों और भाषाओं का सम्मान करते हुए शांति से रहना चाहते हैं, उन्हें धमकाया जाना संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ है।

## असम के सीएम ने किया तीखा पलटवार

दूसरी ओर, ममता के इस पोस्ट के 23 मिनट के भीतर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व हरमा ने पलटवार करते हुए कहा कि ममता बनर्जी को सत्ता में बने रहने के लिए केवल एक समुदाय (मुस्लिम घुसपैठियों) की चिंता है, जबकि हम असम की पहचान को बनाए रखने के लिए निर्णायक कदम उठा रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा- दीदी, आपने बंगाल के भविष्य के साथ समझौता किया है-एक खास समुदाय द्वारा अवैध अतिक्रमण को बढ़ावा देना, वोट बैंक के लिए एक धार्मिक समुदाय का तुष्टीकरण करना और सीमा पर घुसपैठ व राष्ट्रीय अखंडता को नुकसान पहुंचाने के बावजूद चुप रहना- यह सब सिर्फ सत्ता में बने रहने के लिए। वहीं, असम में, हम अपने ही लोगों से नहीं लड़ रहे हैं। हम सीमा पार से जारी, अनियंत्रित मुस्लिम घुसपैठ का निडरता से विरोध कर रहे हैं, जिसने पहले ही एक खतरनाक जनसांख्यिकीय बदलाव कर दिया है। कई ज़िलों में, हिंदू अब अपनी ही ज़मीन पर अल्पसंख्यक बनने की कगार पर हैं।

# 'इंडिया' गठबंधन का फैसला: मानसून सत्र में पहलगाम, ट्रंप के दावे और एसआईआर को प्रमुखता से उठाएंगे

**24 दलों की ऑनलाइन बैठक में तय हुआ एजेंडा**

**नयी दिल्ली :** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के 24 दलों के प्रमुख नेताओं ने संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले शनिवार को फैसला किया कि वे पहलगाम आतंकवादी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' को अचानक रोके जाने, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता संबंधी दावे, बिहार में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कई अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे। उन्होंने इस मांग पर भी सहमति जताई कि पहलगाम, 'ऑपरेशन सिंदूर' और ट्रंप के दावों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जवाब देना चाहिए। विपक्षी गठबंधन के दलों के प्रमुख नेताओं ने ऑनलाइन बैठक की और उन्होंने तय किया कि शीघ्र ही वे एकसाथ मौजूद रहकर बैठक करेंगे। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, शिवसेना (उबाठा) के उद्धव ठाकरे, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और कुछ अन्य नेता शामिल हुए।

# राज्य विधेयकों को मंजूरी देने की समय सीमा पर राष्ट्रपति के संदर्भ पर सुप्रीम कोर्ट 22 जुलाई को सुनवाई करेगा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ 22 जुलाई को राष्ट्रपति के उस संदर्भ पर विचार करेगी जिसमें सवाल उठाया गया है कि क्या राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर राष्ट्रपति के विवेकाधिकार के प्रयोग के लिए न्यायिक आदेशों के माध्यम से कोई समयसीमा निर्धारित की जा सकती है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर 'पोस्ट' की गई वाद सूची के अनुसार, भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में अनुच्छेद 143(1) के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए उच्चतम न्यायालय से आठ अप्रैल के उसके (न्यायालय के) फैसले को लेकर 14 महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिसमें राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के निर्णय लेने के लिए समयसीमा निर्धारित की गई थी। संविधान का अनुच्छेद 143(1) राष्ट्रपति को यह अधिकार देता है कि ''यदि किसी समय राष्ट्रपति को यह प्रतीत होता है कि कोई ऐसा विधिक या तथ्यात्मक प्रश्न उत्पन्न हुआ है या उत्पन्न होने की संभावना है, जो अपने स्वरूप में और सार्वजनिक महत्व की दृष्टि से ऐसा है कि उस पर उच्चतम न्यायालय की राय प्राप्त करना समीचीन होगा, तो वह उस प्रश्न को विचारार्थ उच्चतम न्यायालय को संदर्भित कर सकते हैं, और उच्चतम न्यायालय, जैसा उचित समझे, वैसी सुनवाई के बाद, उस पर अपनी राय राष्ट्रपति को दे सकता है।







इंडियन जेम एंड ज्वेलरी क्रियेशन — टोल फ्री नंबर 1800 8891704

9B, वुड स्ट्रीट : ग्राउंड फ्लोर, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89018 साउथ सिटी मॉल : ग्राउंड फ्लोर, 375, प्रिंस अनवर शाह रोड, कोलकाता 700 068 M +91 89810 89029 सिटी सेंटर II, राजारहाट : ब्लॉक - B', दूसरी मंजिल, शॉप नंबर 201, न्यू टाउन, कोलकाता 700 157 M +91 89810 89066 हावड़ा : जेपी'स एसी मार्केट (श्री विंध्याचल बिल्डिंग), 35, डॉ. अबनी दत्ता रोड (हावड़ा एसी मार्केट के पास) M +91 89810 89027 वरदान मार्केट : 106, वरदान मार्केट, पहली मंजिल, 25A, कैमक स्ट्रीट, कोलकाता 700 016 M +91 89810 89003 बागनान : ग्लोरियस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सीटीसी बस स्टैंड के पास, शॉप नंबर 4, पहली मंजिल, बागनान, हावड़ा 711 303 M +91 89810 89024 दुर्गापुर : शॉप नंबर 205, ड्रीमप्लेक्स मॉल, पहली मंजिल, सिटी सेंटर, दुर्गापुर 713 216 M +91 89810 89017 श्रीरामपुर : अग्निशा - II, ग्राउंड फ्लोर, 30, के एम शाह स्ट्रीट, श्रीरामपुर, हुगली 712 201 M +91 89810 89014

हीरे के आभूषण, सॉलिटेयर, हॉलमार्क वाले सोने के आभूषण, पोल्की, कुंदन जड़ाऊ और सार्टिफाइड रत्न, बाय-बैंक सुविधा के साथ

www.indiangem.com

अधिकृत रिटेलर : प्लैटिनम, एमएमटीसी गोल्ड और सिल्वर बार्स

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 20 जुलाई, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण कृष्णपक्ष दशमी, 12:12 तक, नक्षत्र : कृत्तिका, 22:51 तक, योग : गांदा, 21:44 तक, सूर्योदयः 5:02, सूर्यास्तः 18:23, चन्द्रोदय : 00:14, चन्द्रास्तः 14:08, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कर्क, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 16:39 से 18:18

## साप्ताहिक : राशिफल
## 20-07-25 से 26-07-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** यह सप्ताह आपके लिए व्यस्तता भरा रहेगा। इस सप्ताह प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ रिश्ते में चल रही उलझन को दूर करने के लिए उन्हें समय थोड़ा कम देंगे। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी को खुश रखने की पूरी कोशिश करेंगे, वह उसमें कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, जिसके लिए उन्हे अपने परिवार के सदस्यों के साथ की आवश्यकता होगी। इस सप्ताह आपको धन लाभ मिलेगा और यदि आपका धन कहीं डूबा हुआ था, तो वह भी इस समय मे आपको मिल सकता है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** यह सप्ताह आपके लिए अच्छे परिणाम लेकर आएगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को गलतफहमियां दूर करने की कोशिश करनी होगी, जिससे आपका रिश्ता बेहतर चलेगा। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी की बातों को तवज्जो देनी होगी और किसी पुराने लड़ाई झगड़े को दूर करने में उनको अपनी संतान की मदद मिल सकती है। आपकी इन्कम में कमी आने के कारण आपको धन की कमी का सामना करना पड़ेगा, लेकिन फिर भी आपके मनमौजी शौक पूरे होंगे।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** इस सप्ताह आपको कुछ कामों को लेकर उलझन बनी रहेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में इस सप्ताह किसी बात को लेकर तनाव रहेगा। आपको अपने गृहस्थ जीवन को लेकर सावधान रहना होगा और इस समय में संतान के करियर में भी कोई समस्या आ सकती है, जिसे आप मिल बैठकर सुलझाएंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। इस सप्ताह धन को लेकर आपको परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। आप मौज-मस्ती में रहेंगे और आप अपने भविष्य को लेकर भी कुछ बड़े प्लान ले सकते हैं।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ अच्छा महसूस करेंगे। दोनों को एक दूसरे की कमियों को दूर करके आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। गृहस्थ जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह अपने रिश्ते की कमियों को दूर करके आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। धन के मामले में यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आप कोई नई गाड़ी मकान आदि की खरीदारी कर सकते हैं। बिजनेस कर रहे लोगों को इस सप्ताह सोच समझ कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** यह सप्ताह आपके लिए सामान्य रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में किसी पुराने प्यार के आने से तनाव बना रहेगा और लड़ाई झगड़ा भी बढ़ने की संभावना है। रिश्ते में अच्छी खासी खटास आ जाएगी। गृहस्थ जीवन जी रहे लोग साथी के अनोखे व्यवहार के कारण समस्याओ में रहेगे, जिस कारण उनको कोई डिसीजन लेने में भी समस्या आएगी। आपको इस सप्ताह अपने खर्चों पर थोड़ा सतर्क रहने की आवश्यकता है ताकि आप अपने भविष्य को लेकर अच्छे निवेश की तैयारी कर सकें। कोई प्रॉपर्टी में लॉन्ग टर्म के लिए निवेश करना आपके लिए अच्छा रहेगा।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** यह सप्ताह प्रेम जीवन जी रहे लोगों के रिश्ते में कुछ कमजोरी लेकर आएगा, उन्हें अपने साथी की सेहत के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों में यदि कोई कंफ्यूजन चल रही थी, तो उसे दूर करने के लिए वह अपने परिवार के बारे में सदस्यों से मदद ले सकते हैं। धन को लेकर यह सप्ताह थोड़ी चिंताएं लेकर आएगा, क्योंकि आप अच्छा खर्च करने के चक्कर में धन संबंधित समस्याओं को नजरअंदाज करेंगे। नौकरी को लेकर यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको किसी दूसरे नौकरी का ऑफर भी आ सकता है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** यह सप्ताह आपके लिए सामान्य रहने वाला है। प्रेम में पड़े लोग इस सप्ताह अपने साथी को पूरी अहमियत देंगे। यदि वह किसी बात को लेकर नाराज होंगे, तो आप उन्हे मनाने की भी पूरी कोशिश करेंगे, जिससे उनके रिश्ते में खुशियां रहेगी। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है ताकि आपका रिश्ता बेहतर चल सके। आर्थिक स्थिति आपकी पहले से बेहतर रहेगी, लेकिन फिर भी आप इस समय में सोच विचार कर धन खर्च करें, तो बेहतर रहेगा, क्योंकि आपको अपने भविष्य को लेकर कुछ प्लानिंग करने से अच्छा लाभ मिलने की संभावना है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** यह सप्ताह आपके लिए परिणाम लेकर आएगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग इस सप्ताह अपने रिश्ते में किसी दूसरे साथी के आने के कारण समस्या में आ सकते हैं और उनके बीच लड़ाई झगड़ा रहने के कारण रिश्ता कमजोर होगा। वैवाहिक जीवन जी रहे लोग अपने रिश्ते को लेकर कोई महत्वपूर्ण कदम ना उठाएं। यदि कोई समस्या हो, तो उसे दूर करने के लिए परिवार के सदस्यों से मदद ले सकते हैं। किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने से भी अच्छा लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** यह सप्ताह प्रेम जीवन जी रहे लोगों में कुछ उलझनें लेकर आएगी। आपको इस सप्ताह अपनी साथी की बातों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है, नहीं तो रिश्ते में लड़ाई झगड़ा पड़ सकता है। गृहस्थ जीवन जी रहे लोग अपने पारिवारिक रिश्तों के कारण लड़ाई झगड़े को ना बढ़ाये, नहीं तो उनके बढ़ने से रिश्ते में दूरियां आएंगी। आप अपनी सुख सुविधाओं पर इस सप्ताह पूरा ध्यान देंगे, जिन पर धन भी खर्च करेंगे, लेकिन आपको इन सब के साथ-साथ अपनी सेविंग टर्म पर भी ध्यान देना होगा।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** यह सप्ताह आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहेगा। लोग इस सप्ताह कुछ पुरानी बातों को ना उखाड़े, क्योकि वह कोई लड़ाई झगड़े की वजह बन सकती हैं। आप इस सप्ताह अपने साथी से कुछ समय दूरी बना ले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह किसी तनाव को अपने रिश्ते पर हावी नहीं होने देना है ताकि कोई लड़ाई झगड़ा न हो, इसलिए आप उसे मिल बैठकर सुलझाने की कोशिश करें। आप इस सप्ताह किसी को धन उधार ना दें।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस सप्ताह आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी को लिए कुछ सरप्राइज गिफ्ट लेंगे, उन्हें घूमाने फिराने लेकर जाएंगे और रिश्ता बेहतर रहेगा। प्यार भरपूर रहेगा। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि साथी आपसे यदि किसी बात को लेकर रूठा हुआ था, तो इस समय में वह बात बढ़ सकती है। धन को लेकर इस सप्ताह सावधान रहना होगा और आप दिखावे के चक्कर में अत्यधिक धन खर्च न करें।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा साबित होगा, क्योंकि प्रेम जी रहे लोग इस सप्ताह अपने रिश्ते की कमियों को दूर करके और रिश्ते को बेहतर बनाएंगे, जिससे दोनों के बीच खुशियां रहेगी। गृहस्थ जीवन में कुछ लड़ाई झगड़े के कारण टेंशन तो रहेगी, लेकिन आप उसको इतनी अहमियत नहीं देंगे। इस सप्ताह धन को लेकर कोई कमी तो नहीं रहेगी, लेकिन आपके फालतू खर्चों को लेकर आपको समस्याएं आएंगी और आपकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने की संभावना है।

## मेरे विरोधी मुझे बम से उड़ाने की साजिश कर रहे हैं: चिराग पासवान

**मुंगेर (बिहार) :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को बिहार में एक रैली में सनसनीखेज दावा करते हुए कहा कि उन्हें ''तोड़ने'' की कोशिश कर रहे उनके विरोधी बम से उड़ाने की ''साजिश'' कर रहे हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष ने यह बयान मुंगेर जिले में दिया और अपने अलग हुए चाचा पशुपति कुमार पारस के अलावा लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधा। हालांकि, उन्होंने अपने किसी भी विरोधी का नाम नहीं लिया। हाजीपुर के सांसद ने कहा, ''कई लोग चिराग पासवान के 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' नारे से नाराज हैं, जो उनकी जातिवादी राजनीति की जड़ों पर प्रहार करता है। ऐसे लोगों ने सत्ता में रहते हुए राज्य को गरीबी और पिछड़ेपन में धकेला था और अब विधानसभा चुनाव से पहले, वे झूठे वादों से लोगों को बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं।''



पासवान की टिप्पणी प्रसाद के छोटे बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को लक्षित मानी जा सकती है। पारस द्वारा (लोजपा) में कराये गए विभाजन के परिणामस्वरूप, अपने दिवंगत पिता रामविलास पासवान द्वारा स्थापित लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) में अलग-थलग पड़ गए पासवान ने उन दिनों के बारे में भी बताया, जब उन्हें राजनीतिक वनवास में रहना पड़ा था। हालांकि, पिछले साल लोकसभा चुनावों के दौरान गठजोड़ की पेशकश के साथ भाजपा ने उन्हें अपने साथ कर लिया। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान के विरोधियों ने हमेशा उन्हें रोकने की कोशिश की है, उनकी पार्टी को तोड़ दिया और बाद में उन्हें उनके घर से घसीट कर बाहर निकाल दिया, उन्हें सड़कों पर अपने हाल पर छोड़ दिया, लेकिन चिराग पासवान को कुछ भी नहीं तोड़ सका। केंद्रीय मंत्री ने ''उन्हें तोड़ने'' की नाकाम कोशिशों के बारे में विस्तार से बात करने के बाद कहा, ''अब उन्होंने एक नयी साजिश रची है। वे अब मुझे बम से उड़ाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन वे भूल जाते हैं कि चिराग पासवान शेर का बेटा है। वह झुकना नहीं जानता और उसे डराना नामुमकिन है।'' लोजपा (रामविलास) के सदस्यों से जब पार्टी अध्यक्ष के इस चौंकाने वाले दावे के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि ''हो सकता है कि यह हाल ही में एक सोशल मीडिया 'ट्रोल' के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी का संदर्भ हो''।

## राजस्थान में मानव तस्करी गंभीर समस्या, प्रयासों में सुधार की आवश्यकता : डीजीपी शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव शर्मा ने मानव तस्करी को गंभीर समस्या बताते हुए शनिवार को कहा कि इससे निपटने के प्रयासों में सुधार की आवश्यकता है। डीजीपी ने राजस्थान पुलिस की मानव तस्करी विरोधी इकाई (एएचटीयू) द्वारा यहां आयोजित दो दिवसीय राज्य-स्तरीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। डीजीपी शर्मा ने मानव तस्करी की वैश्विक और स्थानीय चुनौती को स्वीकार करते हुए कहा, ''तस्करी अपने सभी प्रारूपों में एक गंभीर समस्या है, न केवल यहां, बल्कि पूरी दुनिया में। यह समस्या बहुत बड़ी है, लेकिन हमारी प्रतिक्रिया अभी भी कम पड़ रही है। हमें अपने प्रयासों में महत्वपूर्ण सुधार करने की आवश्यकता है।'' आधिकारिक बयान के अनुसार डीजीपी शर्मा ने बचाव अभियानों के बाद बच्चों के फिर से तस्करी की स्थितियों में लौटने पर चिंता व्यक्त की।

## यूपी : अवैध धर्मांतरण कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 10 लोग गिरफ्तार



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पुलिस ने बड़े पैमाने पर अवैध धर्मांतरण कराने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ कर इस सिलसिले में छह राज्यों से 10 लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा, इस गिरोह में संलिप्त 10 व्यक्तियों को उत्तर प्रदेश समेत देश के छह राज्यों से गिरफ्तार किया गया है। इस मामले की जांच मार्च में आगरा में तब शुरू की गई जब 33 वर्ष और 18 वर्ष की उम्र की दो बहनों के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई। जांच में खुलासा हुआ कि इन बहनों का कथित तौर पर जबर्दस्ती धर्म परिवर्तन कराया गया। इनमें से एक युवती ने एक हथियार के साथ सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीर भी पोस्ट की थी। आगरा के पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने कहा, प्रारंभिक जांच में पाया गया कि लव जिहाद में शामिल एक गिरोह द्वारा इन बहनों को निशाना बनाया गया था। हमें इनकी फंडिंग अमेरिका और कनाडा से होने का सुराग भी मिला। आगरा पुलिस ने इस संबंध में पश्चिम बंगाल से दो, गोवा से एक, उत्तराखंड से एक, दिल्ली से एक, राजस्थान से तीन और उत्तर प्रदेश से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

## वाराणसी में स्पा सेंटर की आड़ में संचालित 'सेक्स रैकेट' का भंडाफोड़, पांच लोग गिरफ्तार

**वाराणसी (उप्र) :** कैंट थाना क्षेत्र में स्पा सेंटर की आड़ में काम कर रहे देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ करके पांच लोगों को गिराफ्तार किया गया है। एडीसीपी वरुणा नीतू कादयान ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के प्रीतम कांप्लेक्स के बेसमेंट में स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार गिरोह चलाए जाने की सूचना मिली थी, सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की शाम छापेमारी कर मौके से तीन युवतियों और दो युवकों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि यह पूरा नेटवर्क फेसबुक और व्हाट्सएप के जरिए चलाया जा रहा था। पुलिस सभी आरोपियों के मोबाइल डेटा और संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की भी जांच कर रही है। छापेमारी के दौरान कथित नेटवर्क संचालक पंकज चौबे को भी गिरफ्तार किया गया है, जो पहले भी इसी तरह के मामले में जेल जा चुका है।

## युवाओं का नशे के साथ-साथ मोबाइल और रील की लत से दूर रहना आवश्यक : मनसुख मांडविया

**वाराणसी :** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमें अपने युवाओं को नशीले पदार्थों, मोबाइल फोन और रीलों से दूर रखना होगा। वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में 'युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन' की शुरुआत करने के बाद डॉ. मांडविया ने 'विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि ''भारत तभी विकसित हो सकता है जब युवा नशे के साथ-साथ मोबाइल और रील की लत से भी दूर रहें।'' एक आधिकारिक बयान के अनुसार इस शिखर सम्मेलन में देश भर के 122 आध्यात्मिक और सामाजिक सांस्कृतिक संगठनों के 600 से अधिक प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। मांडविया ने अपने संबोधन में कहा कि 15 अगस्त 2022 को लाल किले से भारत के 76वें स्वतंत्रता दिवस के संबोधन के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृत काल के 'पंच प्राण' के माध्यम से अगले 25 वर्षों के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, क्योंकि देश की 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है।

## बिहार: भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की राह की अगुवाई महिलाएं करेंगी- जितेंद्र सिंह

**पटना :** केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा का नेतृत्व सशक्त महिलाएं और युवा करेंगे, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला-नीत विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप होगा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री सिंह ने यह टिप्पणी 'विकसित बिहार: महिलाओं की भागीदारी के माध्यम से विकसित बिहार की परिकल्पना' विषय पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि भारत में लगभग 76,000 स्टार्टअप वर्तमान में महिलाओं के नेतृत्व में हैं, जिनमें



से कई टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्थित हैं। सम्मेलन का आयोजन बिहार के ग्रामीण विकास विभाग और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। सिंह इसके सह-अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा, ''पिछले 11 वर्षों में, मोदी सरकार ने अपनी शासन संरचना को चार स्तंभों- गरीब, किसान, युवा और महिला- पर केंद्रित किया है। महिला-केंद्रित शासन ने न केवल लोगों को सशक्त बनाया है, बल्कि समाज को नया रूप दिया है। जो लक्षित कल्याण के रूप में शुरू हुआ था, वह अब संस्थागत नेतृत्व में विकसित हो गया है।'' मंत्री ने महिलाओं के लिए सुलभ शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से जीविका ई-लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम ऐप की शुरुआत की और 'सशक्त महिला, समृद्ध बिहार' नामक प्रकाशन का अनावरण किया। केंद्रीय मंत्री सिंह ने महिला सशक्तीकरण के लिए मोदी सरकार के व्यापक दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की, जो चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित है।

## नीतीश ने गंगा के बढ़े जलस्तर का निरीक्षण करने के लिए पटना के कई घाटों का किया दौरा



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में गंगा नदी के बढ़े जलस्तर का निरीक्षण करने के लिए कई घाटों का शनिवार को दौरा किया और अधिकारियों से सतर्क रहने तथा किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा। मुख्यमंत्री ने कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कंगन घाट, एलसीटी घाट, एनआईटी घाट और नासरीगंज घाट का दौरा किया। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ''मुख्यमंत्री ने राजधानी पटना में गंगा का जलस्तर बढ़ने के मद्देनजर विभिन्न घाटों पर स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों को स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सतर्क रहने के लिए कहा है।'' उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि जल स्तर और बढ़ता है तो निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को दूसरे स्थानों पर भेजा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में हुई बारिश के कारण गंगा नदी का जलस्तर मनेर, गांधी घाट, हाथीदह और कुछ अन्य स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर पहुच गया है। इन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण राज्य भर में विभिन्न नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है।

## बिहार के नालंदा में एक ही परिवार के चार लोगों ने आत्महत्या की

**नालंदा :** बिहार में नालंदा जिले के राजगीर कस्बे में एक ही परिवार के तीन किशोरों समेत कुल चार लोगों ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान सोनी देवी (38), उनकी बेटियों दीपा कुमारी (17) और अरीका कुमारी (14) तथा बेटे शिवम कुमार (15) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि राजगीर के पावापुरी जलमंदिर क्षेत्र के पास शुक्रवार शाम यह घटना हुई। राजगीर के पुलिस उपाधीक्षक सुनील कुमार ने कहा, ''पुलिस को सूचना मिली कि एक परिवार के पांच सदस्य अपने किराए के मकान में बेहोश पड़े हैं। हम मौके पर पहुंचे और उन्हें नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान चार लोगों की मौत हो गई।'' अधिकारी ने बताया कि महिला के पति धर्मेंद्र कुमार का इलाज किया



जा रहा है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इस घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है और इसकी जांच की जा रही है।

## झारखंड : रांची में दो फ्लाईओवर और स्टेशन से हवाई अड्डे को जोड़ने वाले एक नई सड़क बनेगी

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को राजधानी रांची में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए तीन प्रमुख सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी। एक बयान में यह जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य के अन्य शहरों में भी यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए। पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिए जाने के बाद तीनों परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर उन्हें जल्द से जल्द लागू करने के निर्देश दिए।

## राजस्थान : एसडीआरएफ ने 176 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

**जयपुर :** राजस्थान में राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एसडीआरएफ) ने मूसलाधार बारिश से प्रभावित अजमेर जिले में 176 नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रभाव के चलते राज्य के अजमेर सहित अनेक शहरों में भारी बारिश हो रही है। एसडीआरएफ के कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि 18 जुलाई की शाम अजमेर पुलिस नियंत्रण कक्ष को भारी बारिश के कारण शहर की विभिन्न कॉलोनियों में नागरिकों के फंसे होने की सूचना मिली। इस पर एसडीआरएफ की बचाव टीम रवाना प्रभावित क्षेत्र के लिए हो गईं। टीम



कमांडरों ने तुरंत स्थिति का जायजा लिया और बताया कि भारी बारिश के कारण शहर के सभी तालाब और झीलें 'ओवरफ्लो' हो गई हैं। शहर की सुभाष नगर कॉलोनी, सागर विहार, वन विहार कॉलोनी, ईदगाह कॉलोनी, वैशाली नगर, आम तालाब, गुलाब बाड़ी जैसे इलाकों में तीन से चार फुट पानी भर गया था, जिससे बड़ी संख्या में नागरिक फंसे हुए थे।

## मऊ रेलवे स्टेशन का अनाधिकृत निरीक्षण करने के लिए उप्र के मंत्री राजभर के बेटे के खिलाफ प्राथमिकी

**लखनऊ/मऊ/बलिया :** उत्तर प्रदेश के मंत्री ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर के खिलाफ मऊ रेलवे स्टेशन का अनाधिकृत निरीक्षण करने का एक मामला दर्ज किया गया और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने राजभर और 25 अज्ञात लोगों के विरुद्ध वाराणसी के रेलवे न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। घोसी से सांसद राजीव राय द्वारा यह मामला उठाने के बाद रेलवे के अधिकारियों ने यह कार्रवाई की। आरपीएफ मऊ के निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अरविंद राजभर और 25 अज्ञात लोगों के विरुद्ध वाराणसी के रेलवे न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है। यह मामला शुक्रवार



को तब सामने आया जब राजीव राय को रेलवे से एक पत्र प्राप्त हुआ जिसमें उन्हें सूचित किया गया कि भाजपा की सहयोगी पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के महासचिव अरविंद के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। इस पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर हैं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में राजीव राय ने घोसी संसदीय सीट पर अरविंद राजभर को 1.62 लाख मतों के अंतर से हराया था। राजीव राय ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उन्होंने स्वयंभू रेल मंत्री (अरविंद राजभर) द्वारा मऊ रेलवे स्टेशन का अनाधिकृत निरीक्षण का मामला उठाया था जिसके आधार पर रेलवे ने जांच शुरू की। सत्रह जुलाई को लिखे पत्र में वाराणसी के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ने राय को सूचित किया कि 19 मार्च को किसी पार्टी के नेता ने मऊ रेलवे स्टेशन पर आने एवं निरीक्षण आदि करने संबंधी ना तो स्टेशन अधीक्षक या किसी रेलवे अधिकारी से अनुमति ली थी और ना ही रेलवे के किसी विभाग को इस बारे में सूचना दी गई थी।

## वर्ग पहेली नं। 3158

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | |
| 8 | 9 | ■ | | ■ | 10 | | 11 | | ■ |
| ■ | 12 | 13 | | ■ | | ■ | | ■ | 14 |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | | 18 | |
| ■ | | ■ | 19 | | | | ■ | 20 | |
| 21 | | | ■ | | ■ | | ■ | | ■ |
| 22 | | ■ | 23 | | 24 | ■ | 25 | | |
| | ■ | 26 | | ■ | 27 | | | | ■ |

*बायें से दायें:-* 1) सबके सामने, 3) अधिकतर, 6) शरारती, 7) जबड़ा, 8) तिब्बती जंगली भैसा, 10) मनाही, 12) जिसके दाँत टूटे हों एवं गाल पिचके हों, 15) भिन्न, 17) निरंकुश शासक, 19) रसेदार भाजी, 20) फिर से शुरू होनेवाला, 21) आइडियाबाज़, 22) छोला, 23) दान, 25) मुर्गे की आवाज़, 26) ध्यान, 27) कारण से.

*ऊपर से नीचे:-* 1) गुप्त, 2) साहसी, 3) एक मेवा, 4) फौज, 5) दया, 9) बनावट बात, 11) पकड़ना, 13) पैर, 14) निर्लज्ज, 16) बारीक कणवाला *(आटा)*, 17) दिनांक, 18) ठाट-बाट, 21) कूड़ा, 23) देखा जाएगा, 24) तुरंत बाद, 25) पूरा; सारा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | न | त | ना | ना | ■ | न | म | की | न |
| र | ■ | न | ■ | ■ | वि | शा | ल | ■ | क्र |
| फ | ल | ना | फू | ल | ना | ■ | ना | य | ब |
| ■ | ट | ■ | ■ | ला | य | क | ■ | व | ■ |
| ■ | का | य | र | ■ | क | ल | ■ | ज्जी | ■ |
| आ | ना | ■ | खा | ड़ा | ■ | क | र | व | ट |
| स | ■ | कौ | र | ■ | ■ | ल | ■ | न | र |
| पा | रा | ■ | खा | मो | शी | ■ | गु | ■ | का |
| स | ह | दे | व | ■ | ल | ह | ल | हा | ना |

## सुडोकू-पहेली-3115

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | 2 | | | | |
| | | | 9 | | 5 | | | |
| | 5 | 1 | | 6 | | 7 | | |
| | | 9 | | 3 | | 6 | | 2 |
| | 6 | | 2 | | | | | |
| | 4 | | | 7 | | | | 8 |
| | | 8 | | | 7 | | 9 | |
| | | | | | | 1 | 5 | 6 |
| 2 | | | | | 9 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3114 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 5 | 6 | 1 | 4 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 |
| 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 5 | 3 | 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 | 9 |
| 1 | 4 | 7 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 | 5 |
| 4 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 7 | 1 | 6 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 7 | 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 |

# कोलकाता में 21 जुलाई को ट्रैफिक व्यवस्था सख्त, शहीद दिवस रैली के चलते पुलिस की तैयारियां तेज

❑ **हाई कोर्ट की शर्तों के बीच पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी**



**कोलकाता, समाज्ञा :** 21 जुलाई को तृणमूल कांग्रेस की वार्षिक शहीद दिवस रैली के मद्देनजर कोलकाता पुलिस ने शहरभर में ट्रैफिक नियंत्रण की व्यापक योजना तैयार की है। यह रैली धर्मतल्ला में आयोजित की जाएगी, जिसे लेकर कोलकाता हाई कोर्ट ने कुछ सख्त शर्तों के साथ अनुमति दी है। कोर्ट के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने यातायात नियंत्रण संबंधी अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार, धर्मतल्ला की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर वाहनों की पार्किंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी और यातायात को सुचारू रखने के लिए जरूरत पड़ने पर वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल किया जाएगा। किसी भी मार्ग पर यदि जाम की स्थिति बनती है, तो आस-पास की छोटी सड़कों को उपयोग में लाया जाएगा। इसके अलावा सोमवार सुबह 3 बजे से रात 8 बजे तक मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है, हालांकि, आवश्यक वस्तुओं जैसे मांस, मछली और अन्य जरूरी सामान ले जाने वाले वाहनों को छूट दी गई है।

पुलिस की योजना के तहत अमहर्स्ट स्ट्रीट, विधान सरणी, कॉलेज स्ट्रीट, ब्रेबोर्न रोड, बेंटिंक स्ट्रीट, स्ट्रैंड रोड, बी.बी. गांगुली स्ट्रीट, न्यू सीआईटी रोड और रवींद्र सरणी जैसे मार्गों पर ट्रैफिक को नियंत्रित किया जाएगा। वहीं हेस्टिंग्स क्रॉसिंग, कैथेड्रल रोड, लवर्स लेन, हॉस्पिटल रोड और कैसुरिना एवेन्यू में किसी भी प्रकार की पार्किंग की अनुमति नहीं होगी।

गौरतलब है कि तृणमूल कांग्रेस हर वर्ष 21 जुलाई को शहीद दिवस मनाती है। यह दिन 1993 की उस ऐतिहासिक घटना की याद में मनाया जाता है, जब तत्कालीन युवा कांग्रेस नेता ममता बनर्जी के नेतृत्व में निकाले गए महाकरण अभियान के दौरान पुलिस की गोलीबारी में कई कार्यकर्ताओं की जान गई थी। तब से इस दिन को राजनीतिक बलिदान के प्रतीक के रूप में चिह्नित करते हुए धर्मतल्ला स्थित विक्टोरिया हाउस के सामने श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाती है, जिसमें पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी सहित तमाम वरिष्ठ नेता शामिल होते हैं। इस वर्ष भी तृणमूल ने इस आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं।

## तृणमूल विधायक की धमकी, बंगालियों को बांग्लादेशी कहने पर तोड़ देंगे हाथ

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस विधायक मदन मित्रा ने खुले तौर पर धमकी देते हुए कहा है कि बंगालियों को बांग्लादेशी अथवा रोहिंग्या कहने पर भाजपा कार्यकर्ताओं का हाथ मरोड़कर तोड़ दिया जाएगा। शहीद दिवस रैली की तैयारियों को लेकर कमरहट्टी में आयोजित सभा में मित्रा ने कहा- 'बंगाली प्रेम करना चाहते हैं लेकिन अगर किसी को लगता है कि वे प्रतिवाद करना नहीं जानते तो जान लें कि जिस दिन एक भी बंगाली पर बांग्लादेश अथवा रोहिंग्या का लेबल लगाया जाएगा तो ऐसा करने वाले भाजपाइयों के हाथ तोडऩे के लिए तृणमूल के कार्यकर्ता खड़े रहेंगे। इसके जवाब में पूर्व भाजपा सांसद अर्जुन सिंह ने कहा कि मदन मित्रा के पैरों तले से जमीन खिसक चुकी है इसलिए सुर्खियों में आने के लिए इस तरह की बातें कर रहे हैं।



# 'बंगाली पारिवारिक रिश्तों की परिभाषा बदल रही है'

### शुभेंदु अधिकारी ने ममता सरकार पर लगाया सांप्रदायिकता का आरोप



**कोलकाता :** राज्य की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया है कि तृणमूल सरकार अब बंगाली समाज के पारंपरिक पारिवारिक रिश्तों की परिभाषा को बदलने की कोशिश कर रही है। उन्होंने इसे मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करार दिया और दावा किया कि यह बंगाली संस्कृति की पहचान पर सीधा हमला है।

शनिवार को सोशल मीडिया पर कांथी के किशोरनगर प्राथमिक विद्यालय की तीसरी कक्षा के प्रश्न पत्र की तस्वीर साझा करते हुए अधिकारी ने लिखा कि राज्य सरकार अब स्कूली शिक्षा के ज़रिए बच्चों के मस्तिष्क में सांप्रदायिक सोच भर रही है। प्रश्न पत्र में 'अब्बा के भाई को क्या कहते हैं', 'चाचा की पत्नी को क्या कहते हैं' और 'अम्मा की बहन को क्या कहते हैं' जैसे सवाल शामिल हैं। शुभेंदु ने इन शब्दों को गैर-बंगाली और सांप्रदायिक शब्दावली बताते हुए कहा कि मां को अब अम्मा कहा जा रहा है, और आसमानी जैसे शब्द जबरन पढ़ाए जा रहे हैं।

अधिकारी का आरोप है कि ममता सरकार एक खास समुदाय को खुश करने के लिए पारिवारिक संबोधनों तक में बदलाव कर रही है। उन्होंने कहा, जो बच्चे आज तक 'रंगधनु' और 'आकाशी' जैसे शब्दों से परिचित थे, उन्हें अब 'आसमानी' और 'रौशनी' जैसी शब्दावली सिखाई जा रही है। यह तृणमूल की भाषा और संस्कृति की राजनीति का खतरनाक नमूना है।

बंगाल की शिक्षा व्यवस्था पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के स्कूलों में अब उन क्रांतिकारियों को आतंकवादी बताकर पढ़ाया जा रहा है जिन्होंने देश को आज़ाद कराने में भूमिका निभाई थी। उन्होंने ममता बनर्जी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री खुद नई-नई शब्दावली गढ़ने में माहिर हैं और यह उनके 'राजनीतिक बंगाल प्रेम' का हिस्सा है, जिसमें असल में कोई संवेदनशीलता नहीं है।

बीजेपी नेता ने यह भी दावा किया कि शिक्षा विभाग के ज़रिए तृणमूल सरकार बच्चों की चेतना में वोटबैंक की राजनीति का ज़हर घोल रही है। शुभेंदु ने चेताया कि यह न केवल बंगाली संस्कृति बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है।

हालांकि, यह पहला मौका नहीं है जब शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल की शिक्षा नीति या राज्य सरकार पर सांप्रदायिकता का आरोप लगाया हो। लेकिन इस बार मामला उनकी खुद की जन्मभूमि कांथी से जुड़ा होने के कारण उन्होंने इस पर विशेष आपत्ति जताई है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि वे तृणमूल सरकार के ऐसे कदमों के खिलाफ आवाज़ उठाएं और इसे रोकें।

## ममता बनर्जी ने राष्ट्रवादी कवि द्विजेन्द्रलाल राय को दी श्रद्धांजलि, बंगाली भाषा पर 'षड्यंत्र' का किया उल्लेख



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को प्रख्यात कवि, नाटककार और गीतकार द्विजेन्द्रलाल राय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि राय की रचनाएं आज के समय में और भी प्रासंगिक हो गई हैं, जब देशभर में बंगाली भाषा और बंगालियों के विरुद्ध एक गहरा षड्यंत्र देखने को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, देशभक्त कवि, नाटककार और गीतकार द्विजेन्द्रलाल राय की जयंती के अवसर पर हम उनकी रचनाओं को स्मरण करते हैं और बंगाली भाषा तथा साहित्य में उनके योगदान के लिए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। आज जब बंगाली भाषा और बंगालियों के खिलाफ एक गहरी साजिश दिखाई दे रही है, ऐसे समय में उनकी रचनाओं को याद करने की इच्छा और भी प्रबल हो जाती है।

ममता बनर्जी ने यह भी याद दिलाया कि रेल मंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान उन्होंने कवि की स्मृति में 'धनधान्य एक्सप्रेस' की शुरुआत की थी, जो अब भी उनके जन्मस्थान नदिया जिले के कृष्णनगर से होकर गुजरती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य की सत्ता में आने के बाद उनकी सरकार ने कोलकाता के अलीपुर में एक आधुनिक सभागार को 'धनधान्य ऑडिटोरियम' नाम दिया और अलीपुर ब्रिज का नाम 'धनधान्य सेतु' रखा गया, जो द्विजेन्द्रलाल राय के सम्मान में किया गया था।

उल्लेखनीय है कि द्विजेन्द्रलाल राय का जन्म 19 जुलाई, 1863 को पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कृष्णनगर में हुआ था। उनके राष्ट्रवादी गीतों और नाटकों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जन-चेतना फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी।

## चुनाव आयोग ने बिहार प्रवासी मतदाताओं को सूची में शामिल करने के लिए बढ़ाई सक्रियता

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव आयोग ने प्रवासी मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए सक्रियता बढ़ाई। बिहार में मतदाता सूची सुधार अभियान के तहत घर-घर जाकर काम जारी है, लेकिन अब आयोग ने उन बिहारवासियों तक पहुंचने के लिए कदम उठाए हैं जो अन्य राज्यों में रह रहे हैं। इसके लिए बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजकर सहयोग मांगा है। आयोग ने संबंधित राज्यों को एक विशेष 'क्यूआर कोड' भी भेजा है, ताकि बिहार के प्रवासी मतदाता इसे इस्तेमाल कर आवेदन कर सकें। प्रवासी मतदाता आयोग के 'ईसीआई नेट' ऐप के जरिए या क्यूआर कोड के माध्यम से फॉर्म डाउनलोड कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन या परिवार के किसी सदस्य के जरिए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को दिया जा सकता है। आवेदन के साथ निर्धारित 11 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज लगाना अनिवार्य है। यह प्रक्रिया 25 जुलाई तक चलेगी। बिहार की ड्राफ्ट मतदाता सूची 1 अगस्त को जारी की जाएगी। यदि किसी मतदाता को सूची में अपने नाम या अन्य विवरण को लेकर आपत्ति हो, तो वह 1 सितंबर तक शिकायत दर्ज करा सकता है। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने बताया कि पिछली बार मतदाता सूची सुधार के दौरान लगभग 35,000 ऐसे नाम मिले थे, जो अन्य राज्यों के भी थे। इनमें से करीब 7,800 मतदाताओं ने बताया कि वे केवल अपने मूल राज्य की सूची में बने रहना चाहते हैं, इसलिए पश्चिम बंगाल की सूची से उनके नाम हटा दिए जा रहे हैं।

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**खुली ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित *ई-निविदाओं* को **www.ireps.gov.in** लिंक के अंतर्गत देखा जा सकता है। ऐसी ई-निविदा के प्रस्ताव केवल **www.ireps.gov.in→लॉगिन→ई-निविदा स्टोर/सप्लाई** लिंक पर जाकर इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत किए जा सकते हैं। विक्रेता विशेष निविदा या आईआरईपीएस से संबंधित जानकारी, यदि कोई हो, के संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित अधिकारियों से भी संपर्क कर सकते हैं, उप सीएमएम/मुख्यालय/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन, **9163340711** या एसएमएम/सीओएन/मुख्यालय, **0341-2535631**। **कार्यालय का पता: पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन का कार्यालय।**

**[ए] संख्याः सीओएस/सीआरजे/पीयूबी/ई-टेंडर/19/0162, दिनांकः 12/07/2025। क्रम संख्या; निविदा सं.; मद का संक्षिप्त विवरण; मात्रा; बयाना राशि जमा (रुपये); निविदा बंद होने की तारीख एवं समय (भामास)** निम्नलिखित हैं: **[1]; 75254050**; विनिर्देशः सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/072, अल्ट.-9, सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/075, अल्ट.-8 एवं सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/074, अल्ट.-13 के अनुसार डब्ल्यूएजी-9एचसी लोको/श्रेणी-संरचनात्मक के लिए लघु संरचित मदें (एल्यूमीनियम) [संलग्न सेट के विवरण के अनुसार]; **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **1033.00 सेट**; रु. 7,95,970.00; **04/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [2]; 75254157**; डब्ल्यूएजी-9एचसी लोको के लिए इनवर्टेड अंडर फ्रेम उपकरणों के लिए ब्रैकेट अस्ले.। चिरेका श्रेणी सं. आर/9/0139 (सेट का विवरण निविदा के साथ संलग्न है)। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **387.00 सेट**; रु. 3,23,770.00; **06/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [3]; 75253877**; चिरेका विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/012, अल्ट.-6 के अनुसार डब्ल्यूएजी-9 लोको के लिए फिल्टर अस्ले.। आरेख एवं सेट का विवरण संलग्न है। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **845.00 सेट**; रु. 20,00,000.00; **06/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [4]; 75254001ए**; डब्ल्यूएजी-9एचसी के लिए जंक्शन बॉक्स अस्ले. एवं बॉडीसाइड फ्लोर सेकेंडरी मेम्बर, विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू-एमएस-3-154-ए2 के अनुसार, श्रेणी सं. आर/9/0093 (संलग्न सेट के विवरण के अनुसार)। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **381.00 सेट**; रु. 7,88,920.00; **19/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [5]; 75255038ए**; विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/154, अल्ट.-2 अथवा नवीनतम तथा संलग्न आरेख (i) एरोडॉयनामिक कैब आरेख सं.: 1211-01.030-001, 1211-01.030-002 एवं 1211-01.030-004 (ii) फ्लैटेंड कैब आरेख सं.: 1211-02.030-001, 1211-02.030-002, 1211-02.030-003 एवं 1211-02.030-004 के अनुसार डब्ल्यूएपी-5 लोकोमोटिव के लिए संशोधित डिजाइन के साथ एरोडॉयनामिक तथा फ्लैटेंड कैब। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **19.00 सेट**; रु. 2,34,960.00; **04/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। [6]; 75254170**; विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/154, अल्ट.-2 के अनुसार डब्ल्यूएजी-9एचसी लोको के लिए रूफ असेम्बली, कैब असेम्बली एवं साइड वॉल असेम्बली (संलग्न सेट के विवरण के अनुसार)। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]; **50.00 सेट**; रु. 20,00,000.00; **05/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे।**

**[बी] संख्याः सीओएस/सीआरजे/पीयूबी/ई-टेंडर/19/0162, दिनांकः 15/07/2025। क्रम संख्याः [1]। निविदा सं.: 73254026ए। मद का संक्षिप्त विवरणः** डब्ल्यूएजी-9 एचसी लोकोमोटिव के लिए सम्पूर्ण शेल अस्ले. साथ में न्यूमेटिक पाइपिंग एवं पेंटिंग। आरेखः विनिर्देश-सीएलडब्ल्यू/एमएस/3/152, अल्ट-10 के परिशिष्ट-ए (5 शीट) तथा परिशिष्ट-सी (2 शीट) के अनुसार। **[वारंटी अवधिः** डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने]। **मात्राः 146.00 सेट। बयाना राशि जमा (रुपये)**: रु. 50,00,000.00। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय (भामास): 11/08/2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे।**

**[PR4/140] पीसीएमएम/चिरेका/चित्तरंजन**

हमें अनुसरण करें: www.facebook.com/clwrailways

# दिलीप घोष ने 21 जुलाई को लेकर जारी सियासी अटकलों पर लगाया विराम



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की सियासत में बीते कुछ हफ्तों से चल रही दिलीप घोष की 'पार्टी बदल' संबंधी अटकलों पर अब पूर्णविराम लग गया है। शनिवार को दिल्ली से लौटने के बाद भाजपा नेता दिलीप घोष ने साफ कर दिया कि वे 21 जुलाई को तृणमूल कांग्रेस के मंच पर नहीं, बल्कि भाजपा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। घोष ने जानकारी दी कि 21 जुलाई को खड़गपुर में भाजपा की एक बड़ी सभा आयोजित की जाएगी, जो उन कार्यकर्ताओं की स्मृति में होगी जो बंगाल में राजनीतिक हिंसा का शिकार हुए हैं। उन्होंने कहा, उस दिन मैं खड़गपुर में रहूंगा। यह सभा हमारे शहीद कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए है। बीते दिनों घोष द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की दुर्गापुर रैली में हिस्सा न लेना और फिर अचानक दिल्ली जाकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करना राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया था। इससे यह अटकलें तेज हो गई थीं कि वे भाजपा छोड़ सकते हैं।

हालांकि, कोलकाता एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए घोष ने इन अटकलों को खारिज कर दिया। मोदी की रैली में गैरहाजिरी पर उन्होंने कहा, मुझे लगा मेरी बैठने की व्यवस्था स्पष्ट नहीं थी, इसलिए मैंने जाना उचित नहीं समझा। बाद में राष्ट्रीय अध्यक्ष के बुलावे पर दिल्ली गया। जेपी नड्डा से हुई मुलाकात को लेकर उन्होंने बताया कि संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई और उन्हें बेहतर काम करने का संदेश दिया गया। घोष के इस बयान से साफ हो गया है कि वे भाजपा में ही सक्रिय रहेंगे और बंगाल में पार्टी को संगठित करने का काम जारी रखेंगे।

## मेट्रो स्टाफ ने बीमार महिला यात्री की जान बचाई



**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे के मास्टरदा सूर्य सेन स्टेशन पर लगभग 60 वर्षीय एक महिला यात्री अस्वस्थ होकर अचानक गिर पड़ीं। उनके साथ मौजूद उनके पति ने तत्काल स्टेशन स्टाफ और आरपीएफ कर्मियों से सहायता की अपील की। महिला की स्थिति को देखते हुए आरपीएफ और स्टेशन स्टाफ तुरंत सक्रिय हुए और उन्हें मदद पहुंचाई। उन्हें स्टेशन मास्टर कार्यालय में लाकर प्राथमिक उपचार (फर्स्ट-एड) दिया गया। हालात गंभीर होने के कारण, उन्हें तुरंत एम.आर. बंगुर अस्पताल में उनके पति के साथ इलाज के लिए भेजा गया। महिला और उनके पति ने मेट्रो रेलवे के स्टेशन स्टाफ द्वारा समय पर और संवेदनशील सहायता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया है। मेट्रो रेलवे हमेशा अपने यात्रियों की सुरक्षा और सेवा के लिए प्रतिबद्ध है।

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 25/ईटी/2025-26 दिनांकः 15.07.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 04251187 | हैण्ड ब्रेक सेट फॉर एलएचबी पावर कार कोच | 335 सेट | 11.08.2025 |
| 02 | 11241426 | सेट ऑफ लवोट्री साइडवाल फॉर एलएसएलआरडी (31 सीटर) कोच (विदाउट प्राइमर) | 184 सेट | 29.07.2025 |
| 03 | 11241376 | किट ऑफ रूफ कम्पोनेंट आईटमस फॉर एलएसएलआरडी (31 सीटर) कोच | 186 सेट | 29.07.2025 |
| 04 | 11241459 | सेट ऑफ कारलाईन फॉर एलएसएलआरडी (31 सीटर)कोचेज | 186 सेट | 25.07.2025 |
| 05 | 11241430 | इंड वाल फॉर एलएचबी डीएसएलआर पैक फीटेड एलांगविद सटर कम्प्लीट | 191 नग | 30.07.2025 |
| 06 | 11251135 | किट फॉर अंडर फेम ऑफ एलडब्लूएस (ईओजी) कोच | 362 सेट | 12.08.2025 |
| 07 | 06241109डी | सप्लाई एन्ड अप्लीकेशन ऑफ एन्टी कोसिव पेंट | 22970 लीटर | 14.08.2025 |
| 08 | 12251061 | सप्लाई आफॅ कन्ट्रोल इंक्विपमेन्ट् फॉर एयर सस्पेन्शन सिस्टम फॉर 3 फेस मेमू डीएमसी एन्ड टीसी कोचेज | 96 सेट | 13.08.2025 |
| 09 | 13251307 | सेट ऑफ हार्डवेयर फॉर एलडब्ल्यूएससीएन एंड एलएस कोचेज | 1371 सेट | 13.08.2025 |
| 10 | 05251057 | स्विच प्लेट असेम्बली फॉर एलएचबी इओजी नॉन एसी एलएससीएन कोचेज | 581 सेट | 13.08.2025 |
| | | स्विच प्लेट असेम्बली फॉर एलएचबी इओजी नॉन एसी एलजीएस कोचेज | 640 सेट | |
| | | स्विच प्लेट असेम्बली फॉर एलएचबी इओजी एसी-3 टीयर कोचेज | 60 सेट | |
| | | स्विच प्लेट असेम्बली फॉर एलएचबी इओजी नॉन एसी चेयर कार कोचेज | 212 सेट | |
| | | स्विच प्लेट असेम्बली फॉर एलएचबी इओजी नॉन एसी एलएसएलआरडी कोचेज | 126 सेट | |
| | | स्विच प्लेट असेम्बली फॉर एलएचबी इओजी फस्ट एसी कोचेज | 19 सेट | |
| | | स्विच प्लेट असेम्बली फॉर एलएचबी इओजी एसी-2 टीयर कोचेज | 51 सेट | |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 22/ईटी/2025-26 दिनांकः 04.07.2025 | टेंडर नं. 03251073ए | निविदा खुलने की तिथि 07.07.2025 के स्थान पर तिथि 24.07.2025 पढ़ें |
| 02 | 15/ईटी/2025-26 दिनांकः 18.06.2025 | टेंडर नं. 15255132 | निविदा खुलने की तिथि 14.07.2025 के स्थान पर तिथि 28.07.2025 पढ़ें |
| 03 | 21/ईटी/2025-26 दिनांकः 03.07.2025 | टेंडर नं. 04251122 | मात्रा को 548 सेट के स्थान पर 623 सेट पढे |

**(Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in)**

उप. मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम एण्ड पी

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या : CAMC-Air Compressor2025,** **नियत तिथि: 06.08.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक-III/ एफडब्ल्यूपी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या **CAMC-Air Compressor2025**, नियत तिथि **06.08.2025** जारी की जाती है। यह खुली ई. निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है। यह निविदा दो पैकेट प्रणाली पर आधारित है।, **कार्य का नामः**- कार्य के दायरे के अनुसार 03 एयर कंप्रेसर (निर्माता- मेसर्स एटलस कोप्को, मॉडल- ZR750) और 02 एयर ड्रायर (निर्माता- मेसर्स एटलस कोप्को, मॉडल- CD 3000+) के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (CAMC)।, **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में:**- रु. 1,38,75,148.00 (एक करोड़ अड़तीस लाख पचहत्तर हजार एक सौ अड़तालीस रुपये मात्र), **धरोहर राशि:**- रु. 2,19,400.00 (दो लाख उन्नीस हजार चार सौ रुपये मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्य** - रु 5000.00 (पांच हजार रुपया मात्र), • निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय - 06.08.2025 को 15:30 बजे। • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप मुख्य परियोजना प्रबंधक-III/ एफडब्ल्यूपी

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सुचना संख्या- ELECT-PR-04T1** **दिनांक: 16.07.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप. मुख्य विद्युत अभियंता/पी एस, आधुनिक कोच फैक्ट्री, रायबरेली द्वारा भारतीय रेलवे के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से सक्षम एवं अनुभवी निविदाकारों से टू पैकेट सिस्टम पर आधारित ओपन ई-निविदा निम्न कार्य के लिए आमंत्रित की जा रही है।, **विवरण:- 1. कार्य का नामः**- आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री रायबरेली में रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट का प्रावधान।, **2. कार्य का स्थानः**-आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली।, **3. लागत (लगभग):**- रु 138459941.00, **4. अग्रिम राशि:**- रु 842300.00, **5. निविदा बंद करने की तिथि व समयः**- 11.08.2025 (15.30 बजे), **6. कार्य समाप्ति की अवधिः**-दस महीने, **7. नियम और शर्तें:**-अन्य विवरण, नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** पर निविदा दस्तावेज में उपलब्ध हैं।

उप. मुख्य विद्युत

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



महानगर में लगातार कई घंटे हुई बारिश से अधिकांश सड़कें व इलाके जलमग्न।

### कम दबाव के कारण अगले सप्ताह दक्षिण बंगाल में भारी बारिश संभव

**कोलकाता :** बंगाल की खाड़ी में 24 जुलाई के आसपास एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है, जिससे अगले सप्ताह दक्षिण बंगाल के कुछ जिलों में भारी बारिश हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून के प्रवाह और नमी की अधिकता के कारण उत्तर बंगाल के जिलों में 22 जुलाई तक कहीं-कहीं अत्याधिक भारी बारिश होने की संभावना है। आइएमडी ने बुलेटिन में बताया कि बंगाल की खाड़ी में बनने वाले अनुमानित कम दबाव वाले क्षेत्र के कारण 23 जुलाई से दक्षिण बंगाल में वर्षा का क्रम तेज होगा और कुछ जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बुलेटिन में कहा कि दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार जैसे उप-हिमालयी जिलों में 22 जुलाई तक भारी से अत्याधिक भारी बारिश होने की संभावना है। दक्षिण बंगाल के दक्षिण 24 परगना, पश्चिम मेदिनीपुर और पूर्व मेदिनीपुर जिलों में 23 जुलाई से भारी बारिश होने की संभावना है, जबकि क्षेत्र के अन्य सभी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# नड्डा से दिलीप ने की शुभेंदु की शिकायत, तृणमूल से पार्टी में आए नेताओं को लेकर दर्ज कराई आपत्ति



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दुर्गापुर में हुई सभा में हिस्सा लेने के बजाय दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर नई सियासी अटकलों को जन्म दे दिया है। जब प्रधानमंत्री बंगाल की धरती से तृणमूल कांग्रेस पर सीधा हमला कर रहे थे, उस समय दिलीप घोष नड्डा के घर बंद कमरे में चर्चा में व्यस्त थे।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को बताया कि दिलीप घोष ने जेपी नड्डा से मुलाकात में बंगाल के राजनीतिक हालात की जानकारी दी है। इसमें खास तौर पर सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस से भाजपा में आए कुछ नेताओं को लेकर तीखी नाराजगी जताई है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि अगर इन नेताओं पर लगाम नहीं लगा तो बंगाल में दशा और बुरी होगी। खास तौर पर शुभेंदु अधिकारी और अर्जुन सिंह जैसे नेताओं को लेकर दिलीप घोष ने तीखी नाराजगी जाहिर की है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह बैठक लगभग 40 मिनट चली, जिसमें दिलीप घोष ने भाजपा में अन्य दलों से आए कुछ नेताओं के व्यवहार को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। हालांकि बैठक के बाद दिलीप घोष ने सीधे तौर पर कुछ भी कहने से बचते हुए सिर्फ इतना कहा, हमारे बीच बहुत सारी बातें हुईं।

गौरतलब है कि अप्रैल के अंत में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आमंत्रण पर दिलीप घोष दीघा में आयोजित जगन्नाथ मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए थे, जिससे पार्टी के भीतर विवाद गहराया। इसके बाद उन्हें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य के स्वागत समारोह में भी नहीं बुलाया गया। हालांकि बाद में शमिक की मध्यस्थता से कुछ दूरी कम हुई, और घोष ने खुद घोषणा की थी कि वह प्रधानमंत्री की दुर्गापुर रैली में जरूर जाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा था कि अगर मंच पर जगह नहीं मिली, तो वह कार्यकर्ताओं के बीच बैठकर प्रधानमंत्री का भाषण सुनेंगे। लेकिन ऐन मौके पर, गुरुवार रात उन्होंने अपना फैसला बदलते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति से पार्टी असहज हो सकती है, इसलिए वह सभा में नहीं जाएंगे।

यह पहला मौका नहीं है जब दिलीप घोष को प्रधानमंत्री की सभा से दूर रहना पड़ा। कुछ महीने पहले अलीपुरद्वार की सभा में भी उन्हें आमंत्रण नहीं मिला था, तब उन्होंने घर पर बैठकर टेलीविजन पर मोदी का भाषण सुना था और उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की थीं।

लेकिन इस बार उन्होंने घर पर न बैठकर सीधे दिल्ली की राह पकड़ी और सुबह की उड़ान से नड्डा के आवास पहुंचे। शुरुआती समय में नड्डा वहां मौजूद नहीं थे, लेकिन दोपहर बाद दिलीप घोष की गाड़ी दोबारा उनके घर पहुंची और तभी दोनों के बीच बैठक हुई।

सूत्रों के मुताबिक, बैठक में घोष ने जहां कुछ नेताओं के व्यवहार पर नाराजगी जताई, वहीं नड्डा ने भी उन्हें अनावश्यक बयानबाज़ी से बचने की सलाह दी। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार, बैठक में क्या तय हुआ, इसका असर आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। दिलीप घोष के राजनीतिक भविष्य की दिशा शायद इसी चर्चा में तय हो गई है।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# धामाखाली के गेस्ट हाउस से बरामद हुए 10 करोड़ के जाली नोट, दो गिरफ्तार



**कोलकाता :** धामाखाली के एक गेस्ट हाउस से पुलिस ने करीब 10 करोड़ मूल्य के जाली नोट बरामद किए हैं। इस बड़ी कार्रवाई में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से कुछ असली नोट भी मिले हैं। शुरुआती जांच के आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि जब्त की गई रकम और भी अधिक हो सकती है।

यह छापेमारी उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली थाने के अंतर्गत धामाखाली फेरी घाट के पास स्थित 'होटल रॉयल' में की गई। यह वही होटल है जहां संदेशखाली के कुख्यात तृणमूल नेता शेख शाहजहां और शिबू हाजरा अक्सर ठहरा करते थे। वर्तमान में यह होटल शाहजहां के करीबी बाप्पादित्य मंडल द्वारा संचालित किया जा रहा है।

शनिवार सुबह पुलिस ने होटल में तलाशी अभियान चलाया और 206 नंबर कमरे से भारी मात्रा में नकली नोट जब्त किए। गिरफ्तार किए गए दो आरोपितों में एक का नाम देबव्रत चक्रवर्ती है, जो दक्षिण 24 परगना के महेशतला इलाके का निवासी है। दूसरा आरोपित सिराजुद्दीन मोल्ला जीवनतला थाना क्षेत्र के मोटरदिघी इलाके का रहने वाला है।

होटल सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे दोनों आरोपित होटल पहुंचे थे और एक कमरा किराये पर लिया था। उनके पास कई बैग थे, जिनमें ये जाली नोट छिपाए गए थे। बरामदगी के बाद से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस फिलहाल दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है और यह जानने की कोशिश में जुटी है कि यह नकली नोटों का नेटवर्क कहां तक फैला हुआ है और इसमें और कौन-कौन लोग शामिल हो सकते हैं।

## जापानी इंसेफेलाइटिस का खतरा जलपाईगुड़ी में, एक महिला की मौत, दूसरा मरीज आईसीयू में भर्ती

**कोलकाता/जलपाईगुड़ी :** डेंगू के बाद अब जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) का खतरा जलपाईगुड़ी जिले में गहराने लगा है। पहाड़पुर गांव की 53 वर्षीय महिला की संदिग्ध जेई संक्रमण के कारण मौत हो गई है, जबकि एक अन्य वृद्ध आईसीयू में जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और पशु संसाधन विभाग ने इस संबंध में सतर्कता और जांच अभियान तेज कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि, पहाड़पुर गांव की निवासी ऊषा राय को जापानी इंसेफेलाइटिस के लक्षणों के चलते जलपाईगुड़ी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया था। कई दिनों तक इलाज के बाद गुरुवार रात उनकी मौत हो गई। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी मौत सीधे जेई संक्रमण से हुई या नहीं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि महिला को एंसेफालोपैथी हुआ था, लेकिन इस बीमारी के पीछे जेई वायरस है या कोई अन्य कारण, इसकी जांच की जा रही है। इसी तरह बाहादुर ग्राम पंचायत के निवासी 58 वर्षीय रूपलाल हाज़रा को भी संदिग्ध जापानी इंसेफेलाइटिस के लक्षणों के कारण जलपाईगुड़ी मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उनके परिजनों के अनुसार, वह 11 जुलाई से बुखार से पीड़ित हैं।

चिकित्सकों का कहना है कि जापानी इंसेफेलाइटिस का वायरस मुख्य रूप से क्यूलेक्स बिसनुई प्रजाति के मच्छरों के माध्यम से फैलता है। यह वायरस पहले सूअरों के शरीर में पलता है और जब मच्छर उन्हें काटते हैं, तो वायरस मच्छरों में आ जाता है। बाद में वही मच्छर इंसानों को काटते हैं जिससे संक्रमण फैलता है।

**❑ पशु पालन विभाग सक्रिय, सूअर हटाने के निर्देश**

खतरे की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन और संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक हुई है। पहाड़पुर और बाहादुर ग्राम पंचायतों में व्यापक खोज अभियान शुरू किया गया है। पहाड़पुर में कोई सूअर फार्म नहीं मिला, लेकिन बाहादुर गांव में दो सूअर फार्म मिले हैं जिन्हें जल्द हटाने का निर्देश प्रशासन ने दिया है।

जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी असीम हालदार ने बताया कि जहां भी यह रोग सामने आया है, वहां सूअर पालन की स्थिति की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि क्यूलेक्स मच्छर चार किलोमीटर तक उड़ सकते हैं, इसलिए संक्रमण की संभावना दूर-दूर तक फैल सकती है। इसी कारण जलपाईगुड़ी नगर पालिका को भी सतर्क किया गया है। दोनों प्रभावित क्षेत्रों में फॉगिंग और निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।

## दूसरी मंजिल से गिरने पर व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता के बांसद्रोणी थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक व्यक्ति दूसरी मंजिल से नीचे गिर गया। पीड़ित की पहचान देबाशीष दास(40) के रूप में हुई है, जो उसी बिल्डिंग में रह रहे थे। बताया जा रहा है कि किसी कारण से वह बिल्डिंग की दूसरी मंजिल की बालकनी से नीचे गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और गंभीर रूप से घायल देबाशीष को एम. आर. बांगुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना की सूचना बांसद्रोणी थाने को दी गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और गिरने का कारण पता लगा रही है।

## मंगल पांडे की जयंती पर राज्यपाल ने दी श्रद्धांजलि, कहा- 'स्वतंत्रता संग्राम की चिंगारी थे भारत मां के यह सपूत'

**कोलकाता :** राज्यपाल डॉक्टर सी. वी. आनंद बोस ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत मंगल पांडे को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) की ओर से जारी संदेश में कहा गया है कि भारत मां के वीर सपूत मंगल पांडे को श्रद्धांजलि और नमन। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि मंगल पांडे ने ब्रिटिश हुकूमत की ताकत के शिखर काल में 34वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री के सिपाही के रूप में अत्याचार के खिलाफ विद्रोह किया और अपने अदम्य साहस तथा बलिदान की भावना से देशभक्ति की चिंगारी को प्रज्वलित कर दिया। उनका यह साहस वर्ष 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का मार्ग प्रशस्त करने वाला बना।

मंगल पांडे को भारत में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के जननायक के रूप में याद किया जाता है। उनके विद्रोह ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ व्यापक जनआंदोलन की भूमिका तैयार की थी। राज्यपाल ने कहा कि मंगल पांडे का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

उल्लेखनीय है कि मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई 1827 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नगवा गांव में हुआ था। वे 1857 की क्रांति के पहले क्रांतिकारी माने जाते हैं। उनके साहसिक कदम ने देश में ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ विद्रोह की एक ऐसी ज्वाला भड़काई, जो बाद में स्वतंत्रता संग्राम में बदल गई।

## बालुरघाट अस्पताल में इंजेक्शन के बाद एक साथ कई प्रसूतियां बीमार, आधी रात को पहुंचे स्वास्थ्य अधिकारी

**दक्षिण दिनाजपुर :** बालुरघाट सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में शुक्रवार रात उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक साथ आठ से 10 प्रसूतियों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिवारजनों का आरोप है कि अस्पताल की ओर से एक विशेष इंजेक्शन दिए जाने के बाद ही सभी महिलाओं को कंपकंपी और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत हुई। घटना के तुरंत बाद दक्षिण दिनाजपुर जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुदीप दास रात करीब 10 बजे अस्पताल पहुंचे और लगातार सुबह चार बजे तक हालात पर नजर बनाए रखी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात प्रसूति वार्ड में भर्ती महिलाओं को एक इंजेक्शन दिया गया, जिसके कुछ देर बाद ही कई महिलाओं में कंपकंपी, बेचैनी और श्वास कष्ट जैसे लक्षण सामने आने लगे। इस पर अस्पताल में हड़कंप मच गया और मरीजों के परिजन आक्रोशित हो उठे।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत दो महिलाओं को सीसीयू में शिफ्ट किया गया, जबकि अन्य बीमार महिलाओं को एक अलग कक्ष में विशेष निगरानी में रखा गया। इस दौरान बवाल की आशंका को देखते हुए बालुरघाट थाने के आईसी सुमंत विश्वास भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मरीजों को कौन-सा इंजेक्शन दिया गया था और क्या वही उनकी बीमारी की वजह बना। अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकों की टीम पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है। हालांकि शनिवार तड़के तक किसी भी स्वास्थ्य अधिकारी ने प्रेस के सामने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया था।

घटना के प्रत्यक्षदर्शी और एक मरीज के पति मिथुन माली ने बताया, मेरी पत्नी प्रसूति विभाग में भर्ती है। शुक्रवार रात सभी को एक इंजेक्शन दिया गया, जिसके बाद कई महिलाओं की हालत बिगड़ने लगी। किसी को तेज कंपकंपी हो रही थी, तो किसी को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। हमने मिलकर इस पर जोरदार विरोध दर्ज कराया।

अस्पताल प्रबंधन इस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रहा है और प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि इंजेक्शन की वजह से यह मामला सामने आया या कोई अन्य कारण था।

## फिल्म की शूटिंग के दौरान घायल हुए शाहरुख खान, ममता बनर्जी ने जताई चिंता

**कोलकाता :** बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान मुंबई में अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग के दौरान घायल हो गए हैं। घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए अमेरिका भेजा गया है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अभिनेता की सेहत को लेकर चिंता जताई है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। ममता बनर्जी ने शनिवार को एक ट्वीट में लिखा – शूटिंग के दौरान मेरे भाई शाहरुख खान के मांसपेशीय चोटिल होने की खबर ने मुझे चिंतित कर दिया है। उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करती हूं। मुख्यमंत्री द्वारा शाहरुख को भाई कहकर संबोधित करना इस बात को दर्शाता है कि दोनों के बीच निजी स्तर पर आत्मीयता है। ममता बनर्जी और शाहरुख खान के संबंध हमेशा से मधुर रहे हैं। शाहरुख लंबे समय से पश्चिम बंगाल के ब्रांड एम्बेसडर भी हैं। सूत्रों के मुताबिक, अभिनेता मुंबई के विले पार्ले स्थित गोल्डन टोबैको स्टूडियो में एक एक्शन सीन की शूटिंग कर रहे थे, उसी दौरान उन्हें पीठ और कंधे की मांसपेशियों में गंभीर चोट आई। आनन-फानन में शूटिंग रोक दी गई और चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें इलाज के लिए अमेरिका रवाना किया गया। शाहरुख को चिकित्सकों ने फिलहाल एक महीने के विश्राम की सलाह दी है। इस कारण से उनकी फिल्म 'किंग' की शूटिंग फिलहाल स्थगित कर दी गई है। शूटिंग अब सितंबर या अक्टूबर में फिर से शुरू हो सकती है। इससे पहले भी वर्ष 2023 में शाहरुख को अमेरिका में सर्जरी करानी पड़ी थी जब उन्हें 'जवान' की शूटिंग के दौरान चोट लगी थी। एक बार फिर ऐसे ही हादसे ने उनके प्रशंसकों को चिंतित कर दिया है।

## बारासात स्वास्थ्य इकाई में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की कर्मचारी स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के तहत बारासात स्वास्थ्य इकाई में 18 जुलाई को एक बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य जांच शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह पहल सियालदह डिवीजन के बी.आर.सिंह अस्पताल के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा, सियालदह के सीएमएस डॉ. कल्पना मंडल के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। शिविर में पूर्व रेलवे के प्रिंसिपल चीफ मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अनिरुद्ध कीर्तानिया की उपस्थिति रही, जिन्होंने न केवल कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि ऑर्थोपेडिक कंसल्टेशन भी प्रदान की। स्वास्थ्य जांच शिविर में बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), ईसीजी जैसी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। गाइनकोलॉजिस्ट, फिजीशियन, नेत्र विशेषज्ञ और दंत चिकित्सक सहित विशेषज्ञों की टीम ने कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को परामर्श दिया।

इस शिविर का समन्वय डॉ. जुथिका हलदर, वरिष्ठ डिविजनल मेडिकल ऑफिसर, बरासात और उनकी टीम ने किया, जिनका मार्गदर्शन एसीएमएस डॉ. संजीव चौधरी ने किया। डॉ. कीर्तानिया ने शिविर की सफलता से प्रभावित होकर बरासात स्वास्थ्य इकाई को 10,000 नकद पुरस्कार भी प्रदान किया। यह स्वास्थ्य शिविर पूर्व रेलवे की रोकथाम स्वास्थ्य सेवा और कर्मचारी कल्याण की प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## बिना टिकट यात्रियों पर बड़ी कार्रवाई, 2.72 लाख का वसूला गया जुर्माना



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल द्वारा 18 जुलाई को हावड़ा स्टेशन परिसर में मजिस्ट्रेट टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान रेलवे मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में और हावड़ा के सहायक वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) के समन्वय में संपन्न हुआ। इस विशेष जांच अभियान में कुल 56 टिकट जांच कर्मियों ने भाग लिया, जिन्हें आरपीएफ के 10 जवानों तथा जीआरपी के एक कर्मी का सहयोग प्राप्त हुआ। इस जांच के दौरान कुल 547 मामलों में टिकट अनियमितताएं पाई गईं, जिनमें से 448 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाए गए। इस अभियान के जरिए 2,72,415 की राजस्व वसूली की गई।

## पूर्व रेलवे महिला संगठन ने वृक्षारोपण कर स्वच्छ व हरित भविष्य की ओर बढ़ाया कदम




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ), हावड़ा ने पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुलमोहर रेलवे कॉलोनी, हावड़ा में एक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का नेतृत्व ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ, हावड़ा की अध्यक्ष रीना जायसवाल ने किया। अध्यक्ष एवं संगठन की अन्य सदस्याओं ने कॉलोनी के विभिन्न स्थलों पर जाकर अशोक, नीम, आम और विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधे लगाए। इस अवसर पर रीना जायसवाल ने कहा, वृक्ष लगाना एक बड़े परिवर्तन की ओर छोटा कदम है। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में हमारा सामूहिक प्रयास है।

इस आयोजन में ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की सदस्याओं, रेलवे कर्मचारियों और उनके परिव-ारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलोनी में हरियाली बढ़ाना, पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना था। स्थानीय निवासियों के साथ संवाद और सहभागिता ने इस आयोजन को और भी प्रभावशाली बना दिया।

## प्रिया सिनेमा के पास ऑटो दुर्घटनाग्रस्त, महिला यात्री घायल

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता के रवींद्र सरोवर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक ऑटो रिक्शा हादसे का शिकार हो गया। यह सड़क दुर्घटना आर. बी. एवेन्यू स्थित प्रिया सिनेमा के पास हुई। जहां रासबिहारी से बेहाला रूट पर चल रहा ऑटो अचानक नियंत्रण खो बैठा और पलट गया। हादसे में ऑटो की सवारी झूमा बेगम (25) गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल शिशुमंगल अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों के अनुसार झूमा बेगम को कई जगहों पर चोटें आई हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ऑटो और उसके चालक को हिरासत में लेकर स्थानीय थाना रवींद्र सरोवर ले जाया है। प्रारंभिक जांच में बताया गया है कि ऑटो किसी तकनीकी खामी या चालक की लापरवाही के चलते अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हावड़ा ने राज्यपाल असीम घोष को फूलों और तालियों से किया विदा



**हावड़ा, समाज्ञा :** हरियाणा के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किए गए असीम घोष शनिवार को अपने हावड़ा स्थित पंचानन तला आवास से चंडीगढ़ के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक, स्थानीय निवासी और शुभचिंतक उप-स्थित रहे। लोगों ने उन्हें माला पहनाकर, तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर भावपूर्ण विदाई दी। पूरे माहौल में उत्साह और गर्व की भावना देखने को मिली। असीम घोष लंबे समय से भाजपा से जुड़े रहे हैं और उन्हें एक लोकप्रिय शिक्षक तथा संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के रूप में भी जाना जाता है। चंडीगढ़ के लिए प्रस्थान करने से पहले असीम घोष ने संक्षिप्त संबोधन में कहा, मैं चंडीगढ़ जा रहा हूं और वहां के सामान्य नागरिकों के हित में कार्य करने का पूरा प्रयास करूंगा।

## कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी की तीन दिवसीय विलक्षण गो-संस्कार कथा का दूसरा दिन

**❑ शून्य से शिखर पर पहुंचना है तो करें गौ-सेवा : पं. विजय शंकर मेहता**



**कोलकाता :** 'गो-प्रेमी होने की वजह से प्रह्लाद के घर में विपरीत स्थिति थी और गो-विरोधी होने की वजह से रावण के घर में भी विपरीत स्थिति थी लेकिन प्रह्लाद गो-सेवा के कारण शून्य से शिखर पर पहुंच गए और गो-विरोधी रावण शिखर से शून्य पर आ गिरा। इसलिए आप भी अपने जीवन में शून्य से शिखर पर पहुंचना चाहते हैं तो गो-सेवा करिये और अगर आप गो-सेवा नहीं कर पाए तो एक दिन शिखर से शून्य पर आने की तैयारी हो जायेगी।' यह उद्गार जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजय शंकर मेहता (हमारे हनुमान परिवार, उज्जैन) ने गो सेवा को समर्पित देश की प्राचीनतम एवं अग्रणी संस्था कलकत्ता पिंजरापोल सोसाइटी की ओर से गो-संरक्षण, गो-संवर्धन, गो-पूजन, एवं गो सेवा के क्षेत्र में जन-जागृति हेतु तपसिया के ओजस बैंक्वेट हॉल में आयोजित तीन दिवसीय विलक्षण गो-कथा के दूसरे दिन की कथा सुनाते हुए व्यक्त किए। उन्होंने आज दूसरे दिन कथा प्रसंग के अनुसार, कहा कि हम लोग तीन बातों से बने हैं- शरीर, मन और आत्मा । अब विचार करें तो तीन देव हैं- ब्रह्मा, विष्णु और महेश और तीन ही गुण हैं- रजोगुण, तमोगुण और सतोगुण। इसी क्रम में आज तमोगुण पर चर्चा करते हुए पं. मेहता ने कहा कि इन तीनों का श्रेष्ठ आपको प्राप्त करना है तो साधन है- गोमाता। उन्होंने कहा कि गाय निरा पशु नहीं है, एक आर्थिक और सामाजिक संस्था है। गो प्राणियों का आधार है, कल्याण की निधि है। हमें संकल्प लेना होगा कि गो माता की सेवा माता-पिता की तरह करें। उन्होंने यह भी आह्वान किया कि हम गो-माता को समय रहते युवा पीढ़ी को सौंप दें तो गो-माता का तो भला होगा सो होगा, नयी पीढ़ी भी तर जायेगी। उन्होंने कहा कि दुनिया में दो ही प्राणी ऐसे हैं जिनके शरीर से 24 घंटे पॉजीटिव एनर्जी निकलती है – एक आपको जन्म देने वाली मां और दूसरी गो-माता। आपकी माँ जीवित हो या दिवंगत, बस उसको याद कर लेने मात्र से सकारात्मक ऊर्जा मिल जायेगी, उसी तरह गो-माता के स्मरण मात्र से जीवन ऊर्जावान हो जाता है।

आज कथा प्रारंभ से पूर्व सोसाइटी के ट्रस्टी सजन कुमार बंसल, मुख्य यजमान दिलीप चौधरी, दैनिक यजमान रघुनाथ प्रसाद रूँगटा, प्रदीप-देवराज रावलवासिया, अनिल केडिया, सुरेन्द्र पटवारी, विनोद केडिया ने व्यास पीठ का पूजन कर महाराजश्री से शुभाशीष प्राप्त किया जबकि सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश कुमार सरावगी, मंत्री पवन कुमार टिबड़ेवाला,वार्ड 22 की पार्षदा मीना देवी पुरोहित, बनवारी लाल सोती, मुरारीलाल खेतान, गो-संवाद पत्रिका के संपादक बिजय निगानिया, संजय हरलालका, सत्यम जैन, आनंद झुनझुनवाला, सज्जन सिंघानिया, राघव बांगड़, महेश भुवालका आयोजन समिति के उपाध्यक्ष सुभाष मुरारका, विमल मल्लावत, संदीप तुलस्यान, रमेश लोढ़ा, सत्येन्द्र अग्रवाल, रमेश बेरीवाल, शंकर लाल पोद्दार, नरेश जालान, संतोष सराफ, बजरंग लाल गुप्ता, सुनील खेतान, अजय शाह, विजय थरड़, राजकुमार भड़ेच, गिरधारी लाल गोयनका, कमल केडिया आदि गणमान्य लोगों ने भी महाराजश्री से आशीर्वाद लिया। सोसाइटी के ट्रस्टी सजन कुमार बंसल ने गीता में भगवान श्री कृष्ण के एक संदेश का उल्लेख करते हुए लोगों का आह्वान किया कि वे गो-संरक्षण के दायित्व का पालन हमें पूरी ईमानदारी से करना चाहिए । संयोजक देवकीनंदन तोदी ने कथा के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सबका आह्वान किया कि सोसाइटी के इस गो-सेवा महायज्ञ में अपना अधिकाधिक सहयोग दें। सुरेन्द्र चमड़िया- राजकमल बांगड़ ने गो-वंदना प्रस्तुत की। संचालन प्रकाश चंडालिया ने किया। मिडिया प्रभारी सुरेन्द्र चमड़िया ने बताया कि तीसरे दिन 20 जुलाई की कथा में पं. मेहता निजी जीवन को भगवान विष्णु तथा सतोगुण से जोड़ते हुए आत्मा की गहरी व्याख्या करेंगे। कथा का समय सायं 4 बजे से 7 बजे तक रहेगा।

## तारकेश्वर स्टेशन पर अत्याधुनिक संयुक्त क्रू लॉबी का उद्घाटन




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने तारकेश्वर स्टेशन पर एक अत्याधुनिक संयुक्त क्रू लॉबी का उद्घाटन कर क्रू कल्याण और संचालन दक्षता को नए आयाम देने की पहल की है। 18 जुलाई को हुंवरा डिवीजन के डीआरएम संजीव कुमार ने इस आधुनिक सुविधा का विधिवत लोकार्पण किया। यह लॉबी क्रू प्रबंधन को अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित और कर्मचारी अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह नई सुविधा मौजूदा रनिंग रूम से जुड़ी हुई है और खासतौर पर उपनगरीय ट्रेन संचालन के लिए तैयार की गई है, जिसमें फ्रेट क्रू के प्रबंधन के लिए भी समुचित इंतजाम किए गए हैं। तारकेश्वर स्टेशन पर अब पूरी क्रू बुकिंग डिजिटल माध्यम से क्रू मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) के तहत की जाती है, जिससे कार्यकुशलता और पारदर्शिता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस लॉबी में आधुनिक तकनीकों का समावेश किया गया है, जिसमें क्रू काउंसलिंग के लिए स्मार्ट बोर्ड शामिल है, जो सुरक्षा और तकनीकी जानकारी तुरंत प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, स्पीड अलर्ट प्रो सिस्टम रियल-टाइम गति प्रतिबंधों की सूचना देता है। दो सीएमएस कियोस्क भी लगाए गए हैं, ताकि क्रू बुकिंग निर्बाध रूप से चलती रहे। महिला कर्मचारियों के लिए अलग चेंजिंग रूम उपलब्ध कराया गया है, जबकि सभी कर्मचारियों के लिए 24 घंटे शुद्ध पेयजल की सुविधा भी सुनिश्चित की गई है। यह संयुक्त क्रू लॉबी पूर्वी रेलवे की तकनीकी प्रगति और कर्मचारी कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है।

## एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने 701 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड प्रॉफिट आफ्टर टैक्स दर्ज किया

**कोलकाता :** एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड (एलटीएफ) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की 30 जून 2025 को समाप्त हुई पहली तिमाही (वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही) में 701 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड प्रॉफिट आफ्टर टैक्स दर्ज किया है, जो कि तिमाही-दर-तिमाही 10% और वर्ष-दर-वर्ष 2% की वृद्धि दर्शाता है। इसी तिमाही में कंपनी ने अब तक की सर्वाधिक कंसोलिडेटेड बुक 1,02,314 करोड़ की उपलब्धि भी हाासिल की है, जो 15% वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि है। इस तिमाही में कंपनी की रिटेल बुक 99,816 करोड़ रुपये तक पहुंची, जिसमें 18% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि देखी गई। वहीं, 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही में रिटेल लोन डिस्बर्समेंट 17,522 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18% अधिक है। रिटेलाइजेशन 98% तक पहुँच गया है, जो कंपनी के 'लक्ष्य 2026' को पहले ही पार कर चुका है। वित्तीय परिणामों पर टिप्पणी करते हुए एलटीएफ के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुदीप्तारॉय ने कहा, एक चुनौतीपूर्ण तिमाही में, हमारी कंपनी ने परिणामों पर ध्यान केंद्रित रखा। बाजार की चुनौतियों का सामना करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए हमने बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन तकनीक और मज़बूत रोबस्टक्रेडिटगार्डरेल्सद्वारा समर्थित, ऋण-योग्य ग्राहकों को खोजने की हमारी प्रतिबद्धता और व्यवसायों में संग्रह दक्षता पर ज़ोर देने के हमारे संकल्प का परिणाम है।

## एएम/एनएस इंडिया के हजीरा संयंत्र में ऑटोमोटिव सेक्टर के लिए अत्याधुनिक स्टील उत्पादन लाइन की शुरुआत

**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) ने गुजरात के हजीरा स्थित अपने प्रमुख संयंत्र में भारत की पहली अत्याधुनिक कंटीन्युअस गैल्वनाइजिंग लाइन (सीजीएल) का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया है। यह नई लाइन 1180 मेगा-पास्कल (एमपीए) ताकत वाली एडवांस हाई-स्ट्रेंथ स्टील (एएचएसएस) का उत्पादन करेगी, जो खासतौर पर ऑटोमोटिव उद्योग के लिए टिकाऊ, सुरक्षित और ईंधन बचाने वाली स्टील के रूप में जानी जाती है। इस तकनीकी उन्नयन से भारत की स्टील आयात पर निर्भरता कम होगी और घरेलू आपूर्ति बढ़ेगी। यह अत्याधुनिक सीजीएल लाइन आर्सेलरमित्तल और निप्पॉन स्टील की वैश्विक तकनीक पर आधारित है और कंपनी की 60,000 करोड़ रुपये की विस्तार योजना का एक अहम हिस्सा है। इस योजना का उद्घाटन 2022 में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।

एएम/एनएस इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिलीप ऊम्मेन ने कहा कि यह नई लाइन न केवल विकसित देशों के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों से प्रतिस्पर्धा करेगी, बल्कि देश के ऑटोमोबाइल सेक्टर की बदलती जरूरतों को भी पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि यह स्टील हल्की, उच्च-फॉर्मेबल और पुनःचक्रणीय होगी, जिससे ईंधन की बचत होगी, जो 2027 से लागू कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी (सीएएफई) मानकों के लिए आवश्यक है। नई इकाई में गैल्वनाइज्ड (जीआई) और गैल्वनिएल्ड (जीए) कोटेड फ्लैट स्टील का उत्पादन होगा, जिसमें कंपनी के विशिष्ट लाइसेंस उत्पाद भी शामिल हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए इस सुविधा में वेस्ट हीट रिकवरी, थर्मल एनर्जी कंट्रोल, रीजेनरेटिव इलेक्ट्रिक ड्राइव्स और इलेक्ट्रोलिटिक हाइड्रोजन (एच×) जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिससे कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी।

एएम/एनएस इंडिया की योजना है कि हजीरा संयंत्र की वर्तमान उत्पादन क्षमता 9 मिलियन टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 15 और फिर 24 मिलियन टन प्रति वर्ष की जाए। इसके साथ ही आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भी नए इंटीग्रेटेड स्टील संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। यह नई कंटीन्युअस गैल्वनाइजिंग लाइन भारतीय स्टील उद्योग में एक नया मील का पत्थर साबित होगी और देश को 'नया भारत' बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी।

# मूसलधार बारिश से हावड़ा में जनजीवन अस्त-व्यस्त, जलमग्न हुए कई इलाके



**हावड़ा, समाज्ञा**

तेज मूसलधार बारिश के कारण हावड़ा के कई प्रमुख इलाकों में जलजमाव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई। जिससे आम लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। हावड़ा मैदान, चर्च रोड, महात्मा गांधी रोड, पंचानन तला रोड, कदमतला और आसपास के कई वार्डों में सड़कों पर पानी इस कदर भर गया कि लोगों को घुटनों तक कपड़े चढ़ाकर गुजरना पड़ा। बारिश के दौरान कई स्थानों पर बाइक और स्कूटी जैसे दोपहिया वाहन पानी में बंद हो गए, जिन्हें लोगों को धक्का देकर बाहर निकालना पड़ा। कहीं पानी घुटनों तक था, तो कहीं उससे भी ज्यादा। नालों की सफाई और जलनिकासी की लचर व्यवस्था को लेकर नागरिकों में भारी आक्रोश देखा गया।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हावड़ा नगर निगम की ओर से संबंधित क्षेत्रों में तुरंत पंप चालू कर दिए गए ताकि जलजमाव को जल्द से जल्द हटाया जा सके और लोगों को राहत मिल सके। हालांकि नागरिकों का कहना है कि ये उपाय तब किए जा रहे हैं जब हालात बिगड़ चुके हैं। इस बीच, विपक्षी दलों के नेताओं ने भी नगर निगम की कार्यशैली और मानसून से पहले की तैयारियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि सिर्फ एक घंटे की बारिश से यदि शहर जलमग्न हो जाता है, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है। आम लोगों ने भी निगम से स्थायी समाधान की मांग की है।



# ठगी से परेशान ग्रामीणों ने आरोपी को खंभे से बांधकर सड़क पर निकाला जुलूस

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के जगतबल्लभपुर थाना क्षेत्र के रथतला इलाके में शुक्रवार को आर्थिक धोखाधड़ी के एक आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़कर जमकर सबक सिखाया। आरोपी की पहचान गोयालपोटा निवासी विमल पात्र के रूप में हुई है, जिस पर वर्षों से अलग-अलग बहानों से कभी निजी लोन दिलाने के नाम पर, तो कभी गाड़ी फाइनेंस कराने के नाम पर, लोगों से पैसे ऐंठने के आरोप हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, उसने इलाके के कई निवासियों से लाखों रुपये ठगे हैं और पैसे लौटाने की मांग करने पर वह अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता और धमकी देता था। लंबे समय से फरार चल रहे विमल को शनिवार की सुबह जब इलाके की सड़क पर देखा गया, तो ग्रामीणों ने उसे घेरकर पकड़ लिया। इसके बाद उसे खंभे से बांधकर पीटा गया और फिर सरेआम रस्सी से बांधकर सड़क पर जुलूस निकाला गया। इस शर्मनाक घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर जगतबल्लभपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को भीड़ से छुड़ाकर थाने ले गई। पुलिस का कहना है कि अब तक इस मामले में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने की स्थिति में कानूनी कार्रवाई और विस्तृत जांच की जाएगी। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।



## नहाने गए किशोर की जर्जर कलवर्ट में फंसकर हुई मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के आमता थानांतर्गत कुसबेड़िया इलाके में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान जीत पोरेल के रूप में हुई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, किशोर नहाने के लिए नहर तालाब गया था। उस दौरान पानी का बहाव तेज हो गया। जिससे वह पास के एक पुराने और जर्जर कलवर्ट के नीचे फंस गया और बाहर नहीं निकल सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कलवर्ट लंबे समय से खराब हालत में था और कई बार इसकी मरम्मत की मांग की जा चुकी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब काफी देर तक जीत घर नहीं लौटा तो परिजनों और स्थानीय लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान नहर के पास लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर आमता थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और किशोर के शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## अंतरराज्यीय कार तस्करी गिरोह का राजफाश, झारखंड से सात कारें बरामद

❑ **चार लोगों को गिरफ्तार किया गया**

**कोलकाता :** बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट ने एक अंतरराज्यीय कार तस्करी गिरोह का राजफाश किया है। झारखंड से सात कारें बरामद की गईं। चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुबह गश्त के दौरान घोला थाने की पुलिस ने एक व्यक्ति को कार में बैठकर कुछ संदिग्ध हरकत करते देखा। इसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसका नाम अतर शेख है। वह मालदा में रहता है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वह एक कार चोरी करने की कोशिश कर रहा था। जब कार मालिक ने शिकायत की, तो पुलिस ने अतर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसके समूह के कई लोग कार चोरी में शामिल हैं। पिछले तीन महीनों में उनके गिरोह ने बैरकपुर कमिश्नरेट के अंतर्गत कई पुलिस थानों से कारें चुराई हैं। उसके बाद पुलिस ने रामप्रसाद साहा, अमित साहा, शमसुद्दीन शेख उर्फ मसूद को गिरफ्तार किया। बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट डीसी (मध्य) इंद्रबदन झां ने कहा कि अब तक माल ढोने वाले सात छोटे वाहन बरामद किए गए हैं। थानों में चोरी हुए वाहनों की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। तीन वाहनों की नंबर प्लेट को झारखंड नंबर प्लेट से बदल दिया गया था। तीन वाहनों में कोई नंबर प्लेट नहीं थी।



## आईआईएम-कलकत्ता दुष्कर्म मामला: पीड़िता की 'जांच में असहयोग' को आरोपित पक्ष बनाएगा अपना मुख्य तर्क

**कोलकाता :** आईआईएम-कलकत्ता परिसर में बाहरी महिला के साथ कथित दुष्कर्म मामले में आरोपित पक्ष की ओर से अब पीड़िता के 'लगातार असहयोग' को अदालत में मुख्य दलील के रूप में पेश किया जा सकता है।

आरोपित के वकील का दावा है कि पीड़िता इस सप्ताह तीन बार-सोमवार, मंगलवार और शनिवार-पेशी के लिए कोर्ट नहीं पहुंची, जहां मजिस्ट्रेट के समक्ष उसका बयान दर्ज होना था। इसके साथ ही, वह अब तक मेडिकल जांच के लिए भी आगे नहीं आई हैं और न ही उन्होंने घटना के वक्त पहने कपड़े जांच टीम को सौंपे हैं।

आरोपित पक्ष का यह भी कहना है कि पीड़िता और उनके पिता की ओर से दिए गए बयानों में कई महत्वपूर्ण विरोधाभास हैं, जो मामले की गंभीरता और सच्चाई पर सवाल खड़ा करते हैं।



हालांकि आरोपत के वकील ने पहले से अपनी दलील की पूरी रणनीति का खुलासा नहीं किया है, लेकिन उनका तर्क है कि जांच में सहयोग न करना और परस्पर विरोधाभासी बयान अदालत में इस केस की प्रामाणिकता को कमजोर कर सकते हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, कोलकाता पुलिस द्वारा गठित विशेष जांच टीम अब तक केवल परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। इनमें आईआईएम-सी परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज, पीड़िता और आरोपी के मोबाइल फोन से मिले कॉल डिटेल्स, मैसेज और चैट्स, पीड़िता को दिए गए खाने और ठंडे पेय के सैंपल (जिन्हें कथित रूप से मिलावट किया गया था) तथा आरोपित द्वारा पहने गए कपड़े शामिल हैं।

## कैनिंग में पारिवारिक विवाद बना मौत की वजह, बहू पर ससुर की हत्या का आरोप

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग के राजापुर इलाके में पारिवारिक कलह के बीच एक व्यक्ति की हत्या हो गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय स्वप्न सरदार के रूप में हुई है। आरोप है कि बहू मौसमी सरदार ने पति पर हमला करने की कोशिश के दौरान ससुर को घायल कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मौसमी को हिरासत में लिया है, हालांकि अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, स्वप्न सरदार के बेटे प्रदीप और बहू मौसमी के बीच लंबे समय से पारिवारिक तनाव चल रहा था। शुक्रवार रात को दोनों के बीच फिर से झगड़ा हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले बैठा। आरोप है कि झगड़े के दौरान मौसमी ने गुस्से में आकर पास में रखी कैंची उठाकर अपने पति पर हमला करने की कोशिश की। तभी स्वप्न सरदार अपने बेटे को बचाने के लिए बीच में आ गए और उन्हें कैंची का वार लग गया।

घटना के बाद स्वप्न सरदार गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। उन्हें आनन-फानन में कैनिंग महकमा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। अब यह स्पष्ट नहीं है कि यह एक हादसा था या किसी पूर्व नियोजित योजना का हिस्सा। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।

## हिंदमोटर स्टेशन पर टिकट के बहाने महिला से छेड़छाड़ की कोशिश, लोगों ने की आरोपी की पिटाई

**हुगली :** हुगली जिले के हिन्दमोटर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार तड़के एक शर्मनाक घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी। हावड़ा-वर्दवान मेन लाइन की इस शाखा पर स्थित स्टेशन के अस्थायी टिकट काउंटर पर टिकट खरीदने के बहाने एक युवक ने एक महिला से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने की कोशिश की। घटना के दौरान मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने युवक को रंगे हाथों पकड़ लिया और जमकर पीटा। आक्रोशित भीड़ ने युवक को सार्वजनिक रूप से शर्मसार करते हुए उसके सिर पर सड़ा हुआ अंडा फोड़ा, चेहरे पर गोबर पोता और जूतों की माला पहनाकर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही उत्तरपाड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अपनी हिरासत में ले लिया। स्थानीय पार्षद प्रवीर कंसबनिक ने घटना की पुष्टि करते हुए मीडिया को बताया कि सुबह-सुबह हिन्दमोटर विद्यासागर बाजार इलाके में एक युवक ने अस्थायी टिकट काउंटर में घुसकर एक युवती से आपत्तिजनक हरकत की। उन्होंने कहा कि हिन्दमोटर में इस तरह की घटना पहले कभी नहीं हुई थी।

वहीं, स्थानीय निवासी सीमा साहा ने घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि इससे महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी का कोई आपराधिक इतिहास है या नहीं।



## हावड़ा में मिनी बस हादसे में 18 घायल, ब्रेक फेल की आशंका जाहिर

**हावड़ा :** हावड़ा के फोरशोर रोड पर शनिवार शाम एक दर्दनाक बस दुर्घटना में 15 से 18 लोग घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब धर्मतल्ला से दानेश शेख लेन की ओर जा रही एक मिनी बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक लैंपपोस्ट से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस में सवार कई यात्री घायल हो गए, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने मदद के लिए दौड़ लगाई और हावड़ा पुलिस स्टेशन की टीम के साथ मिलकर घायलों को बाहर निकाला। सभी घायलों को तत्काल हावड़ा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को जब्त कर लिया है, हालांकि दुर्घटना के बाद बस चालक फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई गई है कि दुर्घटना ब्रेक फेल होने के कारण हुई हो सकती है। हादसे के चलते फोरशोर रोड के एक लेन में यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा। पुलिस अब चालक की तलाश कर रही है और हादसे के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।



## कोलकाता के पर्यटक स्थलों पर विदेशी सैलानियों को निशाना बना रही 'नाबालिग गैंग', कोलकाता पुलिस अलर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे पार्क स्ट्रीट, न्यू मार्केट और शेक्सपियर सरणी इलाके में इन दिनों विदेशी पर्यटकों को लूटने के मामलों में इजाफा देखा जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रही है एक बंजारा समुदाय से जुड़ी 'नाबालिग गैंग', जिसमें 7 से 15 वर्ष की उम्र के किशोर-किशोरियां शामिल हैं। ये गैंग भीख मांगने के बहाने पर्यटकों को घेरते हैं और भ्रम की स्थिति में कीमती सामान, मोबाइल फोन और कभी-कभी पासपोर्ट तक उड़ा ले जाते हैं।

हाल ही में पार्क स्ट्रीट इलाके में एक फ्रांसीसी पर्यटक से यूरो और पासपोर्ट छीने जाने का मामला सामने आया, जिसके बाद कोलकाता पुलिस सतर्क हो गई है। पुलिस ने जांच के दौरान मध्य कोलकाता के जकारिया स्ट्रीट इलाके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से पीड़ित पर्यटक का पासपोर्ट और ढाई हजार यूरो बरामद किए गए। जांच में सामने आया है कि ये गैंग राज्य के हुगली, उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना जिलों से आते हैं और आमतौर पर सुबह या देर रात की लोकल ट्रेनों से कोलकाता पहुंचते हैं। इन किशोरों को पहले से प्रशिक्षित किया जाता है कि कैसे एक राहगीर को भीख के बहाने झांसे में लेकर उसकी जेब से सामान निकालना है। जब पर्यटक विरोध करता है या शोर मचाता है, तब गैंग की कोई लड़की जानबूझकर गिर जाती है और बेहोश होने का नाटक करती है। इस दौरान बाकी सदस्य मौके का फायदा उठाकर चोरी कर लेते हैं।



कोलकाता पुलिस का कहना है कि अब ये गिरोह खासकर विदेशी सैलानियों को निशाना बना रहे हैं, जिनके पास अक्सर विदेशी मुद्रा और महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान होते हैं। इसी के चलते पुलिस ने इन क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है और सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से संदिग्धों की पहचान की जा रही है। साथ ही, अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष रणनीति तैयार की जा रही है।

## कोलकाता में जर्जर भवन का हिस्सा गिरा, बड़ी दुर्घटना टली

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के पोस्ता थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक जर्जर दोमंजिला इमारत का हिस्सा अचानक ढह गया। यह हादसा दोपहर राजा ब्रजेंद्र नारायण स्ट्रीट स्थित पुराने बिल्डिंग में हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, बिल्डिंग की पहली मंजिल की सीढ़ियों का एक हिस्सा और उससे सटा लगभग 12 फीट लंबा और 10 फीट चौड़ा क्षेत्र अचानक ढह गया। हालांकि, घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। स्थानीय थाना पोस्ता पुलिस को मामले की सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

## सावन उत्सव में वीरांगनाओं ने कजरी गीत, मेहंदी और भजनों से रचा सांस्कृतिक समां

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा, पश्चिम बंगाल की ओर से हावड़ा-बांधाघाट के बंगेश्वर अपार्टमेंट में सावन उत्सव उल्लासपूर्वक मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रख्यात गायिका-अभिनेत्री प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में वीरांगनाओं ने सामूहिक रूप से मेहंदी लगाई और हरी चूड़ियों का आदान-प्रदान कर सावन के इस पर्व को पारंपरिक अंदाज में मनाया। प्रतिभा सिंह ने कजरी गीत 'सैंया मेहंदी मंगाद मोती-झील से... जाइके साइकिल से ना' गाकर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया, जिसके साथ सभी वीरांगनाएं थिरकती रहीं। प्रतिभा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सावन का महीना प्रकृति के सौंदर्य और प्रेम का प्रतीक है। महिलाओं को प्रकृति का रूप माना गया है, इसलिए वे इस महीने में संवरती हैं। सावन माह भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है, और इस दौरान वे सुहागिनों को अखंड सौभाग्य और सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद देते हैं। लोक मान्यता है कि सावन की मेहंदी जितनी गाढ़ी होती है, पति का प्रेम भी उतना ही बढ़ता है।



इस कार्यक्रम की शुरुआत राघव जी महाराज के रामकथा प्रवचन से हुई। इसके बाद, राकेश पांडेय, बेबी काजल, प्राप्ति सिंह, श्रेयांश सिंह व प्रत्यूष सिंह ने भजन गाकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में वीरांगना की प्रदेश महासचिव प्रतिमा सिंह, उपाध्यक्ष रीता सिंह, कोषाध्यक्ष पूजा सिंह, सचिव पूनम सिंह पदाधिकारी नीतू सिंह, गुड़िया सिंह, बबिता सिंह, नीतू सिंह, लीला सिंह, मीनू सिंह, कोलकाता इकाई की अध्यक्ष मीनू सुधीर सिंह, उपाध्यक्ष ललिता सिंह, कोषाध्यक्ष संचिता सिंह, उपसचिव सुनीता सिंह, पदाधिकारी गीता सिंह, प्रेमशीला सिंह, सुमन सिंह, मीरा सिंह, सोदपुर इकाई की अध्यक्ष सुनीता सिंह, महासचिव आशा सिंह, पदाधिकारी पूजा सिंह तथा नारी शक्ति की सदस्याएं शकुंतला साव, इंदु पांडेय, बबिता साव उपस्थित रही।

## श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम में शुरू हुआ चार दिवसीय सांवरिया राखी मेला

**'घर से व्यापार करने वाली महिलाओं को उत्साहित करने का प्रयास'**

**हावड़ा :** श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम के वातानुकुलित सभागार में आज से चार दिवसीय सांवरिया राखी मेला शुरू हो गया। श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम के सहयोग से ममता कलेक्शन की देखरेख में आयोजित इस मेला का शुभारम्भ शिव परिवार की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर इस मेला का उद्घाटन मंदिर के प्रबंध न्यासी बिनोद टिबड़ेवाल, 'श्रेयश्री' की प्रमुख कर्णधार श्रीमती पायल गोयनका, सेलिब्रेटी बेकर ख्याति झाझरिया और आयोजन से जुड़ी निशा सराफ ने किया और यहां लगे स्टॉलों का परिदर्शन करते हुए इनमें प्रदर्शित सामानों को भूरि-भूरि प्रशंसा की। सांवरिया राखी मेला की मुख्य संयोजिका श्रीमती ममता भुवालका ने सभी अतिथियों को दुपट्टा ओढ़ाकर कर स्वागत करते हुए कहा कि 12 वर्ष पूर्व इस मेला का शुभारम्भ उन महिलाओं को उत्साहित करने के लिए किया गया जो घर से कारोबार कर अपनी जीविका चलाती हैं और आज इसके 13वें आयोजन में भी अधिकांशतः ऐसी महिलाओं ने ही स्टॉल लगाये हैं। इस सांवरिया राखी मेला में कुल 40 स्टॉल लगे हैं जिनमें साड़ीज, रेडी सलवार सूट्स, कुर्ती, शर्ट, वेस्टर्न वीयर, आर्टिफिसियल व बॉलीवुड कॉस्ट्यूम ज्वैलरी, राखी, गिफ्ट आइटम, होम डेकॅर, भगवान की पौषाक, अगरबत्ती, चाय-मसाले, श्रावणी तीज पर घर पर बने सत्तू-नमकीन, रेजीन के उत्पाद इत्यादि अन्य सामानों का अतुलनीय संग्रह उचित मूल्य पर उपलब्ध करवाया गया है। श्रीमती भुवालका ने स्पष्ट किया कि श्रावण में तीज-त्यौहार व बहन-बेटियों को सिंधारा पर दिये जाने वाले उपहारों से लेकर जन्माष्टमी पर लड्डू गोपाल की पौषाक से साज-श्रृंगार का भी यहां पर अच्छा संग्रह उपलब्ध है। आज से शुरू हुआ यह राखी मेला 22 जुलाई तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलेगा।



**श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम के सहयोग से ममता कलेक्शन की देखरेख में आयोजित चार दिवसीय सांवरिया राखी मेला का घुसुड़ीधाम सभागार में उद्घाटन अवसर पर मंदिर के प्रबंध न्यासी बिनोद टिबड़ेवाल, श्रीमती पायल गोयनका, ख्याति झाझरिया, निशा सराफ व ममता भुवालका परिलक्षित हैं।**

## पत्नी की हत्या में दोषी पूर्व सैनिक को उम्रकैद, सात वर्षीय बेटे की गवाही बनी निर्णायक

**कोलकाता :** बांकुड़ा जिले के ओंदा थाना अंतर्गत बहड़ाबांद गांव में पत्नी की जलाकर हत्या के मामले में पूर्व सैनिक समीरन धल्ल को अदालत ने दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। वर्ष 2021 में घटी इस हृदयविदारक घटना में मृतका की मौत से पहले दिए गए बयान और मात्र सात वर्षीय बेटे की अदालत में दी गई साक्ष्य के आधार पर यह फैसला सुनाया गया।

मामला 26 अप्रैल 2021 का है, जब समीरन धल्ल ने अपनी पत्नी निवेदिता धल्ल पर केरोसिन तेल छिड़क कर आग लगा दी थी। गंभीर रूप से झुलसी निवेदिता को अस्प-ताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने अपने पति के खिलाफ मरते समय बयान दिया। अगले दिन, 27 अप्रैल को मृतका के मायके पक्ष की ओर से ओंदा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर आरोपित को गिरफ्तार किया गया।



मामले की सुनवाई बांकुड़ा जिला अदालत में चली। सुनवाई के दौरान निवेदिता के अंतिम बयान के साथ-साथ दंपति के सात वर्षीय बेटे की अदालत में दी गई गवाही सबसे अहम साबित हुई। बच्चे ने कांपती आवाज़ में अदालत को बताया- मैंने देखा पापा मम्मी पर केरोसिन डाल रहे थे और आग लगा रहे थे। इस बयान के दौरान अदालत कक्ष में मौजूद हर कोई स्तब्ध रह गया।

पुलिस ने इस मामले में 28 अगस्त 2021 को चार्जशीट दाखिल की थी। अभियोजन पक्ष ने गवाहों और सबूतों के आधार पर मामले को मजबूती से अदालत में रखा। अंततः शनिवार को अदालत ने समीरन धल्ल को पत्नी की हत्या के अपराध में दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

फैसले से मृतका के परिवार ने संतोष जताया। परिजनों ने कहा, जिसने देश के लिए काम किया, वही घर की चारदीवारी में ऐसा अमानवीय कृत्य करेगा, यह सोचना भी डरावना है। ग्रामीणों ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की और अदालत के निर्णय का स्वागत किया।

## अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने तारकेश्वर धाम में भव्य शिवपूजन का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, पश्चिम बंगाल द्वारा श्री हनुमान परिषद के सहयोग से तारकेश्वर धाम में दिव्य शिवपूजन, जलाभिषेक, श्रृंगार, महाआरती एवं प्रसाद का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सुशील कुमार चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में नेपाल के कांसुलेट जनरल जेपी आचार्य, उद्योगपति नरेश कुमार अग्रवाल, सर्वेश जैन, अभ्युदय दूगड़, राजेश लुहारीवाला, अरुण धेलिया, अरुण सुरेका, राजकुमार बैद, अमर झाझरिया, वीरेंद्र आंचलिया, नरपत बोथरा, विजय हीरावत, राजकुमार गांधी सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। श्री चौधरी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य मैत्री भाव बढ़ाना तथा धार्मिक आस्था का संवर्धन करना था। शिव का जलाभिषेक, पूजन-अर्चन, महाआरती के बाद श्री हनुमान परिषद धर्मशाला में महाप्रसाद का आनंद सभी ने उठाया।



## मुर्शिदाबाद में सीमा से 11 मवेशियों के साथ तस्कर गिरफ्तार

❑ **भारत-बांग्लादेश सीमा पर मवेशी तस्करी की बड़ी कोशिश को बीएसएफ ने किया नाकाम**

**कोलकाता :** बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर अंतर्गत 71वीं वाहिनी की सीमा चौकी बोयराघाट के जवानों ने मुर्शिदाबाद जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर एक गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया। इस दौरान 11 मवेशियों को जब्त करने के साथ एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। बीएसएफ की ओर से शनिवार को एक बयान में बताया कि तस्कर मवेशियों सीमा पार कराकर भारत से बांग्लादेश मे तस्करी करने की फिराक में था। अधिकारियों ने बताया कि जवानों को सीमा चौकी बोयराघाट क्षेत्र में मवेशी तस्करों की संभावित गतिविधि की जानकारी मिली थी। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात सभी जवानों को सतर्क कर दिया गया और एक विशेष घात योजना बनाई गई। तड़के लगभग 4.20 बजे, घात दल ने कुछ संदिग्ध तस्करों को मवेशियों के साथ सीमा रेखा की ओर तेजी से बढ़ते हुए देखा। जवानों ने तुरंत कार्रवाई की और एक भारतीय तस्कर को 11 मवेशियों सहित धर दबोचा।

पकड़े गए तस्कर को आगे की कार्रवाई हेतु स्थानीय थाने को सौंप दिया गया है। वहीं, जब्त मवेशियों को ई-टैगिंग के पश्चात ध्यान फाउंडेशन को सौंपा जाएगा।



बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के प्रवक्ता व डीआइजी एनके पांडेय ने जोर देते हुए कहा कि सीमा सुरक्षा बल तस्करी और अवैध घुसपैठ पर रोक लगाने के लिए लगातार कड़े कदम उठा रहा है। उन्होंने बताया कि तस्कर बारिश और नदियों में बढ़े जल स्तर का फायदा उठाने की लगातार कोशिश कर रहे हैं, परंतु बीएसएफ के जवान अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए उनके मंसूबों को नाकाम कर दे रहे हैं।

# ओसियाँ का जैन मंदिर.. जोधपुर, राजस्थान

## हमारी अनजानी धरोहर 77



डॉ. एस. के. सैनी

ओसियां जोधपुर से जैसलमेर के बीच में जोधपुर से सड़क मार्ग से 59 किलोमीटर दूरी है तथा रेल मार्ग से 64 किलोमीटर की दूरी है। ओसियाँ दो कारणों से अत्यंत प्रसिद्ध है। यह हमारी जैन विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। 783 में वहां जैन मंदिर का निर्माण गुर्जर प्रतिहार राजा वत्सराज ने करवाया था।

यह विराट मंदिर भगवान महावीर स्वामी को समर्पित है जहां उनकी बेहद मनोहरी मूर्ति लगी हुई है साथ ही मंदिर में अनेक स्थानों पर जैन धर्म के अन्य तीर्थ तीर्थंकरों की भी मूर्तियां लगी हुई है। दूसरी महत्वपूर्ण बात ओसियां के संदर्भ में यह है कि जो लोग जैसलमेर और सम गांव में रेत के धोरों में नहीं जा सकते हैं वे लोग जोधपुर से यहां आते हैं और रेत के विराट टीलों का आनंद लेते हैं और फिर वापस जोधपुर चले जाते हैं। स्टेशन से कुछ ही दूरी पर यहां पर रेत के टीले हैं एकदम उसी तरह जैसे जैसलमेर में है, सम गांव में है और यह पर्यटकों को उतना ही आनंद देते हैं। अब हम बात करते हैं भगवान महावीर स्वामी के जैन मंदिर की। पश्चिमी भारत का यह सबसे प्राचीन जैन मंदिर है जो अभी भी बेहतरीन रखरखाव के कारण अपने सौंदर्य और पच्ची कारी के लिए विख्यात है।

अंतर कथा यह है कि विख्यात आचार्य रन प्रभास सूर्य जी यहां पर ओसियां में आए और उन्होंने एक



ब्राह्मण के पुत्र को बीमारी से मुक्त किया तो संपूर्ण समुदाय ने जैन धर्म का अंगीकार कर लिया और यहीं से ओसवाल जैनियों का प्रादुर्भाव हुआ बाद में आचार्य रन प्रभात श्री जी यहां पर चातुर्मास के लिए भी रुके और उन्हीं के निर्देश पर यहां पर भगवती मां का मंदिर निर्मित किया गया। जिसको सचिया माता मंदिर बोलते हैं आश्चर्य की बात यह है की माता के मंदिर में भी जो पक्षिकारी है शिल्पकार है उस पर जैन धर्म के तीर्थंकरों की मूर्तियां लगी हुई है और वही शैली निर्माण की है जो भगवान महावीर स्वामी के मंदिर की है।

953 ईस्वी में लिखा गया एक शिलालेख ओसियां में प्राप्त हुआ है जो यह दर्शाता है कि यह ओसवाल जैन संप्रदाय की कर्मभूमि है दीक्षाभूमि है और जो मंदिर यहां पर थे, मूर्तियां थी वह कई सारे मुस्लिम आक्रांताओं ने नष्ट कर दी। बाद में इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया गया और मान स्तंभ विधि पूर्वक यहां लगाया गया।

कहते हैं कि आचार्य रत्न प्रभा सूरी ने चामुंडा मंदिर की भी स्थापना की तब से ओसवाल जैनियों की यह कुलदेवी रही है और आचार्य रन प्रभास सूर्य ने ही चामुंडा को शाकाहार समर्पित किया तब से यहां बलि प्रथा बंद हो गई और उसके पश्चात यही देवी ओसियां की रक्षक देवी के रूप में विख्यात हो गई।

# इन्हें आजमाइए, सुघड़ कहलाइये

सोनी मल्होत्रा



❊ सिर में डाले जाने वाले तेल में कपूर पीस कर मिला लें व सिर पर लगाएं। इससे सिर में जुएं नहीं पड़ेगी।

❊ फ्रूट सलाद बनाते समय सेब और केला बहुत जल्दी काले पड़ जाते हैं इसलिए इन पर हल्का सा नींबू का रस डाल दें।

❊ बैंगन का भुरता बनाते समय बैंगनों को भूनने से पहले उन पर थोड़ा सा तेल चुपड़ दें। इससे भूनने के बाद इनका छिलका उतरने में आसानी होगी।

❊ अगर कपड़े पर खून के धब्बे पड़े हुए हैं तो कपड़े को ठंडे पानी में डुबो कर रखें। दाग पर डिटर्जेंट रगड़ें और फिर कपड़े को ठंडे पानी में डुबोयें। अब उस पर थोड़ा सा हाइड्रोजन पैराक्साइड रगड़ें और 5 मिनट पश्चात् कपड़े को पानी से निकाल कर धूप में सूखने डाल दें।

❊ एल्यूमीनियम के विन्डो फ्रेम्स चमकाने के लिए गीले कपड़े पर थोड़ा सा नमक डाल कर रगड़ें। फ्रेम्स चमक उठेंगे।

❊ साग बनने के बाद पालक के हरे रंग में परिवर्तन आ जाता है। अगर आप चाहती हैं कि साग बिल्कुल हरा बने तो पालक उबालते समय उसमें चुटकी भर सोडा मिलाएं। मीठा सोडा डालने से सब्जी का रंग नहीं बदलेगा।

❊ मछली बनाते समय सेब का एक टुकड़ा ऑयल में मिला दें। इससे मछली तलते समय आने वाली दुर्गंध समाप्त हो जाएगी। मछली तलते समय तेल से छींटे उठते हैं। छींटे न उठें, इसके लिए मछली डालने से पहले तेल में थोड़ी पिसी हल्दी डाल दें।

❊ रोटी बेलते समय पलेथन के लिए चावल के आटे का प्रयोग करें। इससे रोटियां सफेद व मुलायम बनेंगी।

❊ सर्दी में जुकाम के कारण नाक, बंद हो जाती है। इसके लिए कपूर को पोटली में बांधकर सूंघें। इससे लाभ मिलेगा।

❊ होंठों पर दिन में तीन-चार बार माश्चराइज़र लगाएं। इससे होंठ फटेंगे नहीं।

❊ रात को सोने से पूर्व आंखों पर बर्फ के पानी में रूई को भिगोकर 10 मिनट तक रखें। इससे आंखों को राहत मिलेगी व झुर्रियां नहीं पड़ेगी। (उर्वशी)

# बालों में मेंहदी लगाने से पहले



◉ जब भी बालों पर मेंहदी लगाएं, बाल धुले हुए साफ होने चाहिएं।

◉ बालों पर मेंहदी लगाने से पूर्व बालों में तेल नहीं लगा होना चाहिए।

◉ मेंहदी लगाने से पूर्व कानों, माथे, और गर्दन के खुले भाग में वैसलीन लगा लें ताकि जड़ों के आसपास की त्वचा पर मेंहदी का प्रभाव न आए।

◉ मेंहदी लगाते समय हाथों पर ग्लव्ज पहनें ताकि हाथों पर उनका रंग न आए।

◉ बालों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांट लें। जड़ से छोर तक मेंहदी लगाएं।

◉ मेंहदी बालों पर एकसार लगाएं। कहीं कम ज्यादा न लगाएं।

◉ मेंहदी न तो अधिक पतली घुली हो, न ही बहुत अधिक गाढ़ी। दोनों अवस्थाएं उचित नहीं हैं। मेंहदी अच्छे से फेंट कर घोलें। मेंहदी इतनी गाढ़ी रखें कि वो बालों से न गिरे ताकि आपके कपड़े और अन्य त्वचा पर न पड़े।

◉ मेंहदी बालों में दो घंटों से अधिक न लगाएं। बाल सूख जाने पर मेंहदी निकालते समय बाल टूट जाते हैं। मेंहदी का रंग दो घंटों में अपना प्रभाव बालों में छोड़ देता है। पुराने तौलिये को हल्का सा गीला कर बालों पर लपेट लें ताकि बाल अधिक सूखे न हों।

◉ मेंहदी बालों से निकालते समय ताजे या कुनकुने पानी का प्रयोग करें। मेंहदी निकलने के बाद बालों पर शैंपू न लगाएं। बाल सूख जाने पर तेल से बालों की मसाज करें और अगले दिन बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

◉ काली मेंहदी बालों पर प्रयोग करने से पूर्व कान के पीछे थोड़े से बालों पर लगा कर टेस्ट कर लें क्योंकि काली मेंहदी में केमिकल्स होते हैं जो सिर की त्वचा और बालों को नुक्सान पहुंचा सकते हैं।

◉ मेंहदी वाले बालों को धोने के पश्चात हेयर ड्रायर का प्रयोग न करें। बाल अधिक खुश्क हो जाएंगे। (उर्वशी)

# गरम जामुन

बहुत समय पहले की बात है, सुंदरवन में श्वेतू नामक एक बूढ़ा खरगोश रहता था। वह इतनी अच्छी कविता लिखता था कि सारे जंगल के पशु-पक्षी उन्हें सुनकर दातों तले उँगली दबा लेते और विद्वान तोता तक उनका लोहा मानता था।

श्वेतू खरगोश ने शास्त्रार्थ में सुरीली कोयल और विद्वान मैना तक को हरा कर विजय प्राप्त की थी। इसी कारण जंगल का राजा शेर भी उसका आदर करता था। पूरे दरबार में उस जैसा विद्वान कोई दूसरा न था। धीरे-धीरे उसे अपनी विद्वत्ता का बड़ा घमण्ड हो गया।



एक दिन वह बड़े सवेरे खाने की तलाश में निकला। बरसात के दिन थे, काले बादलों ने घिरना शुरू ही किया था। मौसम की पहली बरसात होने ही वाली थी। सड़क के किनारे जामुनों के पेड़ काले-काले जामुनों से भरे झुके हुए थे। बड़े-बड़े, काले, रसीले जामुनों को देखकर श्वेतू के मुँह में पानी भर आया।

एक बड़े से जामुन के पेड़ के नीचे जाकर उसने आँखें उठाई और ऊपर देखा तो नन्हें तोतों का एक झुण्ड जामुन खाता दिखाई दिया। बूढ़े खरगोश ने नीचे से आवाज़ दी, प्यारे नातियों मेरे लिये भी थोड़े से जामुन गिरा दो।

उन नन्हें तोतों मे मिट्ठू नाम का एक तोता बड़ा शरारती और चंचल था। वह ऊपर से ही बोला, 'दादा जी, यह तो बताइये कि आप गरम जामुन खायेंगे या ठंडी?'

बेचारा बूढ़ा श्वेतू खरगोश हैरान होकर बोला, भला जामुन भी कहीं गरम होते हैं? चलो मुझसे मज़ाक न करो। मुझे थोड़े से जामुन तोड़ दो। मिट्ठू बोला, अरे दादाजी, आप ठहरे इतने बड़े विद्वान। यह भी नहीं जानते कि जामुन गरम भी होते हैं और ठंडे भी। पहले आप बताइये कि आपको कैसे जामुन चाहिये? भला इसे जाने बिना मैं आपको कैसे जामुन दूँगा?

बूढ़े और विद्वान खरगोश की समझ में बिलकुल भी न आया कि जामुन गरम भला कैसे होंगे? फिर भी वह उस रहस्य को जानना चाहता था इसलिये बोला, बेटा, तुम मुझे गरम जामुन ही खिलाओ ठंडे तो मैंने बहुत खाए हैं।

नन्हें मिट्ठू ने बूढ़े श्वेतू की यह बात सुनकर जामुन की एक डाली को ज़ोर से हिलाया। पके-पके ढेर से जामुन नीचे धूल में बिछ गये। बूढ़ा श्वेतू उन्हें उठाकर धूल फूँक-फूँक कर खाने लगा। यह देखकर नन्हें मिट्ठू ने पूछा, क्यों दादाजी, जामुन खूब गरम हैं न?

कहाँ बेटा? ये तो साधारण ठंडे जामुन ही हैं। खरगोश बोला। नन्हें मिट्ठू तोते ने चौंक कर पूछा, क्या कहा ठंडे हैं? तो फिर आप इन्हें फूँक-फूँक कर क्यों खा रहे हैं? इस तरह तो सिर्फ गरम चीजें ही खाई जाती है।

नन्हें मिट्ठू तोते की बात का रहस्य अब जाकर बूढ़े खरगोश की समझ में आया और वह बड़ा शर्मिन्दा हुआ। इतना विद्वान बूढ़ा श्वेतू खरगोश जरा सी बात में छोटे से तोते के बच्चे से हार गया था। उसका घमण्ड दूर हो गया और उसने एक कविता लिखी -

खूब कड़ा तना शीशम का, बड़े कुल्हाड़े से कट जाता। लेकिन वो ही बड़ा कुल्हाड़ा, कोमल केले से घिस जाता।

सच है कभी-कभी छोटे भी, ऐसी बड़ी बात कहते हैं। बहुत बड़े विद्वान गुणी भी, अपना सिर धुनने लगते हैं।

# बच्चों को तनावग्रस्त न बनाएं



पूनम दिनकर

आज के इस युग में अभिभावकों में अपने बच्चों को हरफनमौला बनाने का फितूर सवार है। सर्वप्रथम डेढ़-दो वर्ष की छोटी उम्र में ही शहर के अच्छे स्कूल में दाखिले के लिए तोतारटंत का फितूर दिखाई देने लग जाता है। दाखिले के बाद क्लास में अव्वल रहने के लिए कई ट्यूशनें, फिर इसके बाद बहुमुखी विकास के लिए म्यूजिक, स्विमिंग, राइडिंग, गोल्फ, क्रिकेट सरीखे हॉबी वाले कोर्स, यानी कि बच्चों को 'सुपरमैन' बनाने के फेर में आज के अभिभावक परवरिश के मूल तंत्रा तक को दरकिनार कर रहे हैं।

आज के अभिभावक प्रतिस्पर्धा की होड़ में यह जानना तक भूल जाते हैं कि वास्तव में उनका बच्चा चाहता क्या है? फलां बच्चा ऐसा कर रहा है तो उनका बच्चा ही पीछे क्यों रहे, वाली मानसिकता में फंसे अभिभावक अपनी इच्छाएं उन पर थोपकर उनके स्वाभाविक विकास के क्रम में तो बाधक बनते ही हैं, साथ ही यथार्थ से परे अपेक्षाएं रखकर बच्चों को तनाव और चिंताग्रस्त भी बना रहे हैं।

समय इतना बदल चुका है कि आज के अभिभावक अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में बच्चे में नैतिक मूल्य और संस्कार डालने की बजाय उन्हें येन-केन-प्रकारेण सफल होने की उत्कंठा देने का काम ही कर रहे हैं। ऐसे में अगर आज के बच्चे तनाव, चिंता और कुंठा से ग्रस्त हो रहे हैं तो इसके जिम्मेदार अभिभावक के अलावा और कौन हैं? कारण हम उनके लिए एक मानक निर्धारित करते हैं जो पहले तो दबाव और फिर तनाव को जन्म देता है।

छोटे बच्चे जब बड़े होते हैं तो शैक्षिक और सामाजिक दबाव उनके तनाव का प्रमुख कारण बन जाता है। यहां भी एक बड़ी भूमिका अभिभावक ही निभाते हैं। अक्सर देखा गया है कि सफल और समझदार अभिभावक अपने बच्चों में अपने जैसा बनने की नसीहत देकर उनके लिए दबाव पैदा करने का काम करते हैं।

बच्चों के तनाव पर अभिभावकों की आपसी बातचीत का भी गहरा असर पड़ता है। कार्यक्षेत्रा से जुड़ी समस्याओं की चर्चा सहित किसी मित्रा या नाते-रिश्तेदार के बीच मतभेदों की चर्चा तक से बच्चे तनाव में आ जाते हैं। ऐसे में बहुत जरूरी हो जाता है कि अभिभावक ध्यान रखें कि उन्हें बच्चों के सामने कौन-सी बात करनी है और कौन-सी नहीं।'

आपका बच्चा दबाव या तनाव में है, इसके लक्षणों को पहचानना आसान नहीं होता। फिर भी व्यवहार में परिवर्तन, मूडी हो जाना, बातें बनाना, नींद के पैटर्न में बदलाव सरीखे संकेतों से यह जाना जा सकता है कि आपका बच्चा तनाव या दबाव में है।

कुछ बच्चों में तनाव का शरीर पर भी प्रभाव पड़ता है। पेट दर्द, सिर दर्द, मासिक स्राव का एक से अधिक बार हो जाना, आदि लक्षण भी तनाव के कारण बच्चों में दिखाई देने लगते हैं। तनाव का एक प्रभाव यह भी होता है कि वे स्कूल का काम पूरा नहीं कर पाते या उस काम को करने में परेशानी होती है। ऐसे बच्चे एकान्त में बैठ कर कुछ सोचते रहते हैं।

तनावग्रस्त बच्चों को तनाव से मुक्ति दिलाने में मां अधिक मदद कर सकती है। बच्चों की प्रकृति को अच्छी तरह से समझें और उन्हें उनकी क्षमताओं के अनुरूप ही कार्य करने दें। बच्चे में तनाव, चिन्ता या कुंठा न पनपे, इसके लिए यह जरूरी है कि उन्हें नियमित समय दें तथा उनके सामने घरेलू या ऑफिस की चिन्तनीय बातों को कदापि न करें। बच्चों के सामने पति-पत्नी में झगड़ा करना वर्जित करें तथा बच्चों की तुलना अन्य बच्चे से न करें।

बच्चों में आध्यात्मिक संस्कार डालें तथा उन्हें आध्यात्मिक बनाएं। याद रखें कि बच्चों को तनाव से बाहर निकालने की कुंजी अभिभावकों के ही हाथ में होती है। (उर्वशी)

# खूबसूरती के लिए रंग-रूप के अनुसार वस्त्र पहनें

आरती रानी

प्राचीन काल से ही अधिकांशतः हर व्यक्ति आकर्षक लगना चाहता था परंतु तब टेक्नोलॉजी इतनी विकसित नहीं थी कि एक सामान्य व्यक्ति भी बहुत आकर्षक लगने की सुविधाएं जुटा सके। आज के दौर में आधुनिक टेक्नॉलाजी के चलते कुदरत द्वारा प्रदत्त कमियों को फैशन के जरिए छिपा कर कैसे आकर्षक दिख सकते हैं, इसी विषय में यहां बताया जा रहा है।

**मोटे पुरूषों के लिए परिधानः-** अगर आप मोटे व छोटे कद के हैं तो आपका ट्राउजर प्लेटिड हो जिसे आप अपनी पैंट नाभि से तीन इंच नीचे बांधें व जींस नाभि से 4-5 इंच नीचे बांधें। सामान्य कद के लोग बैगी न पहनें। मोटे लोगों को ट्राउजर और शर्ट में ज्यादा कंस्ट्रास्ट नहीं पहनना चाहिए। मोटे होने के साथ-साथ यदि आपका रंग भी काला है तो आप हल्के रंग की कमीज पहनें या फिर हल्के से गहरे रंग की। अगर आपकी रंगत गोरी है तो आप गहरे रंग की शर्ट पहनें।

**मोटी लड़कियों-औरतों के लिए परिधानः-** छोटे कद की और मोटी लड़कियां लंबी व पतली दिखने के लिए वेस्टर्न ड्रेसेज में हिप्स तक की कुर्ती पहनें और साथ में मैच कर के बूट कट पैंट व जींस भी पहन सकती हैं मगर जींस की फिटिंग बहुत अच्छी होनी चाहिए। पारंपरिक परिधानों में लंबा कुर्ता पहनें क्योंकि छोटे कुर्ते में आपकी जांघ व टांगों का भारीपन दिखाई देगा। कुर्ते के साथ चूड़ीदार पैजामा न पहनकर सलवार पहनें।

मोटी लड़कियों को एक ही रंग का परिधान पहनना चाहिए। बड़े-बड़े डिजाइन के कपड़े न पहन कर छोटे डिजाइन वाले कपड़े पहनने चाहिए। पतली दिखने के लिए आप खड़ी या फिर तिरछी धारियों वाली डेक्रस पहन सकती हैं। जहां तक संभव हो, फ्रिल वाले कपड़े, साटन व मखमल के कपड़े न पहनकर साफ्ट फैब्रिक वाले कपड़े पहनें जैसे-जारजट, शिफॉन आदि।

**पतले पुरूषों के लिए परिधानः-** यदि आप सामान्य कद के हैं और पतले हैं और चाहते हैं कि आप थोड़े लंबे दिखें और पतले न दिखें तो आप हल्के रंग के कपड़े पहनें व वर्टिकल स्ट्राइप्स पहनें। ऐसे कपड़े न पहनें जिसमें आपके शरीर की शेप दिखाई दे। अगर आप सामान्य कद के हैं तो पार्टी में आकर्षक लगने के लिए चूड़ीदार पैजामा और घुटने तक का कुर्ता, शाल या दुपट्टे के साथ पहनें मगर कुर्ता घुटने से 2-3 इंच से अधिक लंबा न पहनें।

**पतली लड़कियों के लिए परिधानः-** छोटा कुर्ता चूड़ीदार पैजामा के साथ पहनें। पतली व लंबी लड़की को सूती साड़ी व लहंगा अच्छा लगेगा। लहंगे के साथ ब्रोकेड का ब्लाउज अच्छा लगेगा। वैस्टर्न ड्रेस में बिजनेस सूट, सिल्क का सूट शर्ट के साथ अच्छा लगेगा। गर्म जैकेट के साथ घाघरा एवं स्कर्ट भी पहन सकती हैं। पतली लड़कियां लेदर की जैकेट पहनने से थोड़ी मोटी और सुंदर भी लगेंगी।



लंबी-पतली लड़कियां कैपरी के साथ कुर्ती पहनें। साथ में स्टॉल या स्कार्फ भी लें। पतली लड़कियों की सलवार-कमीज की फिटिंग न ज्यादा टाइट हो और न ही अधिक ढीली जिससे कि उनके शरीर को परफेक्ट शेप मिले। पतली लड़कियां एंटीक पिंक, फान, ब्लू या गोल्ड आदि रंग तथा सूती वस्त्र व हैंडलूम वस्त्र व चैक्स आदि पहनें।

**इन्हें भी आजमाइयेः-** गर्मियों में शिफॉन, जार्जट, क्रेप, माइक्रो, रिचा फिल, चिरमिन, कॉटन, ब्रास आदि कपड़ों में अस्तर लगाकर लड़कियां परिधान तैयार करवा सकती हैं। अगर आपका रंग सांवला है तो आप क्रीमी, ब्रीज, लाल, मैरून, मस्टर्ड रंगों में से कोई रंग पहन सकती हैं किंतु काला या भूरा रंग न पहनें।

पुरूषों के लिए ग्रे पैंट ब्लैक का अल्टरनेटिव होता है। यह ब्लैक के मुकाबले में अधिक अच्छा होता है क्योंकि यह कई रंगों के कांबिनेशंस के साथ चल सकता है जैसे नेवी ब्लू और ब्लैक ब्राउन के साथ।

महिलाओं के लिए गोल्ड और कॉपर टिशु की साड़ी पर खूबसूरत कढ़ाई ग्लैमरस लुक देती है। सर्दी में सिल्क, जर्जेट क्रश, आरगेंजा, फैब्रिक के साथ-साथ काजीवरम, जयपुरी, लहरिया आदि पहनें। (उर्वशी)

# अब खूबसूरत दिखना हुआ आसान



शिवांगी झाँब

खूबसूरत दिखना सभी को अच्छा लगता है पर व्यस्त जीवन शैली के होते बार-बार पार्लर जाना मुश्किल लगता है। अब सुंदर व आकर्षक त्वचा पाने के लिए पार्लर भागने की जरूरत नहीं। संवारें अपने सौंदर्य को कुछ घरेलू उपचार सेः-

**ओपन पोर्सः-**

अंडे के सफेद भाग को कटोरे में डाल कर उसमें नींबू का रस निचोड़ें। इसे चेहरे पर लगा कर कुछ देर रखें। फिर इसे पानी से धो लें।

एक- एक टी स्पून कैलेमाइन पाउडर और चंदन पाउडर में टमाटर का जूस मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पैक को 15-20 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें। इससे पोर्स बंद होंगे और स्किन टाइट होगी।

**ब्लैकहैड्सः-**

दालचीनी और शहद ब्लैक हेड्स को दूर करने में बहुत सहायक होते हैं। एक चम्मच दालचीनी पाउडर में एक चम्मच शहद मिलाएं। इस पेस्ट को लगाने के 4-5 मिनट बाद पानी से धो लें।

एक स्क्रब तैयार करें जिसमें एक चम्मच मुलतानी मिट्टी, एक चम्मच जौ का आटा, 4-5 चम्मच कच्चा दूध, पुदीने की पत्तियों और खसखस को मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इसे रोजाना सर्कुलर दिशा में कुछ देर स्क्रब करने से ब्लैकहैड्स की समस्या दूर होगी।

**पिंपल्स/ मुंहासेः-**

नीम में मौजूद डिसइंफेक्टेंट गुण और पुदीने में शामिल एंटी बैक्टीरियल गुण स्किन में एक्ने से बचाव करते हैं। नीम व पुदीने की सूखी पत्तियों में आधा चम्मच कैलेमाइन पाउडर, चुटकी भर हल्दी और गुलाब जल मिलाकर पेस्ट बनाएं। इस पैक को रोजाना लगाने से चेहरे के मुंहासे सूख जाएंगे।

चेहरे पर भाप लेने से चेहरे पर ताजगी आती है और मुंहासों से छुटकारा मिलता है।

**एक्ने मार्क्स और स्कार्सः-**

मुंहासे के निशानों के लिए तैयार करें स्क्रब जिसमें डालिए सूखी नीम की पत्तियां, 5-6 लौंग, एक -एक कटोरी उड़द की धुली दाल, लाल मसूर की दाल, चने की दाल। इन सब को दरदरा पीस कर उसमें चुटकी भर हल्दी और चंदन पाउडर व मुलतानी मिट्टी पाउडर मिला लें। इसमें आप कच्चे पपीते के गूदे को भी मिला सकती हैं। इस स्क्रब को 2-4 मिनट के लिए चेहरे पर मलें, फिर दस मिनट बाद धो लें। यदि चेहरे पर मुंहासे हैं तो स्क्रब न लगाएं।

बेकिंग सोडा इस्तेमाल करने से आप मुंहासे या उसके निशान से मुक्ति पा सकती हैं। बेकिंग सोडे को थोड़े से पानी के साथ मिला लें और चेहरे पर 5-10 मिनट के लिए लगा लें।

**पिट्सः-**

घरेलू उपचार के लिए आप पिट्स यानी गड्ढों पर नारियल तेल या विटामिन ई के कैप्सूल को फोड़कर लगा सकती हैं लेकिन अगर आपके गड्ढे घरेलू इलाज से ठीक नहीं हो रहे तो फिर आपको अच्छे कॉस्मेटिक क्लीनिक में जाकर लेजर ट्रीटमेंट करानी चाहिए।

**रिंकल्सः-**

दो बड़े चम्मच शहद, चार बड़े चम्मच मिल्क पाउडर और दो बड़े चम्मच गर्म पानी। सभी को मिलाकर चेहरे पर लगाएं। शहद से चेहरे पर ग्लो आता है और मिल्क पाउडर से चेहरा स्मूथ और रिंकल फ्री होता है।

पके हुए केले को अच्छी तरह मसल लें। इस गूदे को आधे घंटे के लिए चेहरे पर लगाएं फिर सादे पानी से चेहरा धो दें। (उर्वशी)

# रेसिपी कार्नर: मिल्क केक






सावन का महीना है। इस महीने में हर सोमवार भगवान शिव की पूजा होती है और उपवास किया जाता है। वहीं अब त्योहारों का सीजन भी आने वाला है। नागपंचमी, हरियाली तीज और रक्षाबंधन इन सभी त्योहारों में एक चीज होना जरूरी है, वह है मिठाइयां। हर बार आप त्योहार पर बाजार से मिठाई ले आते हैं लेकिन इस बार घर पर ही मिठाइयां बनाकर देखें। आसान से रेसिपी से आप ऐसी मिठाई बना सकते हैं, जिसका स्वाद बाजार जैसा होगा लेकिन शुद्धता में घर पर बनी मिठाई अव्वल रहेगी।

सिर्फ दूध से घर पर आसानी से मिल्क केक बना सकते हैं, जिसे कई जगहों पर कलाकंद भी कहा जाता है। मिल्क केक भारत की सबसे पसंदीदा मिठाइयों में से एक है। क्योंकि त्योहारों में कलाकंद या मिल्क केक की मांग बढ़ जाती है, इसलिए घर पर ही इसे कम खर्च और कम मेहनत के आसानी से बना सकते हैं। ऐसे में अगर आप बाजार जैसा स्वाद घर पर पाना चाहते हैं तो आसान मिल्क केक रेसिपी आपके लिए दी जा रही है।

### मिल्क केक बनाने की सामग्री

फुल क्रीम दूध 2 लीटर, नींबू का रस या सिरका दो चम्मच, घी दो चम्मच, एक कप चीनी, आधा चम्मच इलायची पाउडर, सजावट के लिए काजू और बादाम

### घर पर मिल्क केक बनाने की विधि

**स्टेप 1-** पहले चरण में दूध को उबाला और फाड़ा जाता है। इसके लिए सबसे पहले एक भारी तले वाले पैन में दूध उबालें। जब दूध उबलने लगे तो थोड़ा-थोड़ा नींबू का रस डालकर लगातार चलाते रहें। इससे दूध फट जाएगा। जब दूध फट जाए और छेना व पानी अलग हो जाए तो गैस बंद कर दें।

**स्टेप 2-** अब फटे दूध से छेना बनाएं। इसके लिए एक मलमल के कपड़े में छेना छान लें और थोड़ा सा पानी डालकर धो लें ताकि नींबू का स्वाद चला जाए। कपड़े में बांधकर 10 मिनट के लिए टांग दें ताकि सारा पानी निकल जाए।

**स्टेप 3-** छेना से मिठाई बनाने के लिए अब एक पैन में घी डालें और छेना डालकर धीमी आंच पर भूनें। इसमें धीरे-धीरे चीनी डालें और तब तक पकाएं जब तक मिश्रण हल्का सुनहरा और गाढ़ा न हो जाए। फिर इलायची पाउडर डालें और अच्छी तरह मिलाएं।

**स्टेप 4-** मिठाई को सेट करने के लिए एक ट्रे या थाली को घी से ग्रीस करें और मिश्रण उसमें डालें। ऊपर से चम्मच से हल्का दबाकर बराबर करें और ऊपर से ड्रायफ्रूट्स डालें। कम से कम चार-पांच घंटे ठंडा होने दें, फिर मनचाहे आकार में काटें।

## न्यूज इन ब्रीफ

### असम में दो सड़क हादसों में सात लोगों की मौत

**गुवाहाटी :** असम में शनिवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक हादसा होजाई जिले में हुआ, जबकि दूसरी दुर्घटना धुबरी में हुई। पुलिस ने बताया कि होजाई के नीलबगान इलाके में एक तेज रफ्तार वाहन पुल की रेलिंग से टकरा गया जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि इस हादसे में गंभीर रूप से घायल एक अन्य व्यक्ति को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी भी मौत हो गई। वहीं, धुबरी के गोलकगंज इलाके में एक कार सड़क से फिसलकर पेड़ों से जा टकराई। इस हादसे में एक महिला और 10 माह के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने कार के भीतर से डेढ़ माह के एक शिशु समेत तीन अन्य लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

### छत्तीसगढ़ : नारायणपुर मुठभेड़ में मारे गए छह नक्सलियों पर कुल 48 लाख रूपए का इनाम

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए छह नक्सलियों पर कुल 48 लाख रूपए का इनाम था। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के अंतर्गत परिया-काकुर गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को चार महिला नक्सली समेत छह नक्सलियों को मार गिराया था। इनकी पहचान डिविजनल कमेटी सदस्य तथा पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) के प्लाटून नंबर-1 के कमांडर राहुल पुनेम उर्फ लच्छू पुनेम (38) तथा पीएलजीए के प्लाटून नंबर-एक के सदस्य उंगी टाटी (24), मनीषा (25), टाटी मीना उर्फ सोमरी (22), हरीश उर्फ कोसा (25) और कुड़ाम बुधरी (21) के रूप में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए सभी नक्सलियों पर आठ-आठ लाख रूपए यानी कुल 48 लाख रूपए का इनाम था। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुरिया ने बताया कि नक्सली राहुल पुनेम के मुठभेड़ में मारे जाने को अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

### बिहार में 12,000 से अधिक नए मतदान केंद्र बनाए गए

**पटना :** निर्वाचन आयोग की सिफारिश के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत राज्य में 12,000 से अधिक नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं। बिहार सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 12,817 नए मतदान केन्द्रों की स्थापना के बाद मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 77,895 से बढ़कर 90,712 हो गई है। इनमें से 12,479 मतदान केन्द्र उसी भवन या परिसर में स्थापित किए गए हैं, जहां पहले से मतदान केन्द्र हैं, जबकि शेष मतदान केन्द्र आस-पास हैं। नवगठित मतदान केन्द्रों की जिलावार सूची पंजीकृत राजनीतिक दलों के साथ साझा की गई है।

### लक्षद्वीप प्रशासन रक्षा उद्देश्यों के लिए बिट्रा द्वीप के अधिग्रहण पर विचार कर रहा

**कोच्चि :** लक्षद्वीप प्रशासन रक्षा उद्देश्यों के लिए 'बिट्रा द्वीप' के अधिग्रहण पर विचार कर रहा है। इस कदम का लक्षद्वीप के सांसद हमदुल्ला सईद ने कड़ा विरोध किया। सांसद हमदुल्ला सईद ने बिट्रा के स्थानीय निवासियों को अपना पूरा समर्थन देते हुए आश्वासन दिया कि इस प्रस्ताव का विरोध करने के लिए वे राजनीतिक और कानूनी रास्ते अपनाएंगे। हाल ही में जारी सरकारी अधिसूचना में राजस्व विभाग को बिट्रा द्वीप के सम्पूर्ण भू-क्षेत्र को अपने अधीन लेने का प्रस्ताव दिया गया है। इसका उद्देश्य इसे केंद्र की प्रासंगिक रक्षा और रणनीतिक एजेंसियों को हस्तांतरित करना है। पिछले सप्ताह जारी अधिसूचना में बताया गया है कि यह कदम द्वीप की रणनीतिक स्थिति, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से इसकी प्रासंगिकता और वहां की नागरिक आबादी से जुड़ी प्रशासनिक व रसद संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

# भारत में बहुसंख्यक हिंदुओं के कारण अल्पसंख्यकों को पूरी स्वतंत्रता हासिल है: रीजीजू

- भारत में अल्पसंख्यक पूरी तरह सुरक्षित
- अल्पसंख्यकों के पलायन की कोई प्रवृत्ति नहीं

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि बहुसंख्यक हिंदुओं की वजह से भारत में अल्पसंख्यकों को पूर्ण स्वतंत्रता और सुरक्षा हासिल है। उन्होंने कहा कि यह देश अल्पसंख्यकों के लिए सर्वाधिक सुरक्षित जगह है। 'पीटीआई वीडियो' को दिए एक साक्षात्कार में अल्पसंख्यक मामलों



के मंत्री ने कहा कि उन्हें ऐसा एक भी मामला नहीं मिला है जहां अल्पसंख्यक समुदाय का कोई सदस्य देश में किसी भी चीज से वंचित होने के कारण भारत से पलायन करने की इच्छा रखता हो। उन्होंने ''कांग्रेस पार्टी समर्थित वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र'' पर आरोप लगाया कि वह लगातार यह विमर्श चलाने में लिप्त है कि अल्पसंख्यकों को ''भारत में प्रताड़ित किया जा रहा है, उनका कत्लेआम किया जा रहा है, उनकी पीट-पीटकर हत्या की जा रही है और वे सुरक्षित नहीं हैं।'' उन्होंने कहा कि इस तरह के विमर्श देश के लिए मददगार नहीं हैं। अपने पूर्ववर्ती मुख्तार अब्बास नकवी के उस बयान के बारे में पूछे जाने पर जिसमें उन्होंने मंत्री रहते हुए कहा था कि भारत अल्पसंख्यकों के लिए स्वर्ग है, रीजीजू ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां ''लोग कानून का पालन करते हैं, हम धर्मनिरपेक्ष हैं, हमारा एक संविधान है, और इसलिए चाहे बहुसंख्यक हो या अल्पसंख्यक, सभी समान हैं।'' रीजीजू ने शुक्रवार को यहां 'पीटीआई-भाषा' के मुख्यालय में कहा, ''अब यह कहने के बाद, मैं स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि जो कुछ बहुसंख्यक समुदाय को मिलता है, अल्पसंख्यक समुदायों को भी मिलता है, लेकिन कुछ चीजें ऐसी हैं जो अल्पसंख्यकों को तो मिलती हैं, लेकिन बहुसंख्यक समुदाय को नहीं मिलतीं।'' भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, ''अगर आप इतिहास को संक्षेप में देखें, तो चीनी कब्जे के कारण तिब्बत में कुछ समस्याएं थीं और तिब्बती भारत आ गए। म्यांमा में कुछ लोकतांत्रिक आंदोलन और समस्याएं थीं और लोकतांत्रिक कार्यकर्ता भारत आए। श्रीलंका में कुछ समस्याएं थीं, श्रीलंकाई तमिल भारत आए।

## राहुल गांधी की 'मानसिकता एक देशद्रोही की है' : अमित मालवीय

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ''उनकी मानसिकता एक देशद्रोही की है''। राहुल गांधी ने भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नवीनतम टिप्पणी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से स्पष्टीकरण मांगा था। मालवीय की यह टिप्पणी उसके बाद आयी। ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों के लिए शुक्रवार को आयोजित रात्रिभोज के दौरान कहा कि मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान पांच विमान मार गिराए गए। ट्रंप ने साथ ही एक बार फिर दावा किया कि दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव उनके हस्तक्षेप के बाद समाप्त हुआ। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ट्रंप के बयान का वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मोदी जी, 5 जहाज़ों का सच क्या है? देश को जानने का हक है।'' कांग्रेस नेता राहुल गांधी की



मांग पर तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए मालवीय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''राहुल गांधी की मानसिकता एक देशद्रोही की है। ट्रंप ने अपने बयान में न तो भारत का नाम लिया, न ही यह कहा कि वे पांच जहाज भारत के थे। फिर कांग्रेस के युवराज ने उन्हें भारत के ही क्यों मान लिया? पाकिस्तान के क्यों नहीं माने? क्या उन्हें अपने देश से ज़्यादा हमदर्दी पाकिस्तान से है? सच्चाई यह है कि ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान अब तक उबरा नहीं है लेकिन दर्द राहुल गांधी को हो रहा है।'' उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, ''जब भी देश की सेना दुश्मन को सबक सिखाती है, तब कांग्रेस को मिर्ची लगती है। भारत विरोध अब कांग्रेस की आदत नहीं, पहचान बन चुका है। राहुल गांधी बताएं – क्या वह भारतीय हैं या पाकिस्तान के प्रवक्ता?''

## ''राजनीति छोड़ रही हूं'': खरड़ से 'आप' विधायक अनमोल गगन मान ने दिया इस्तीफा



**चंडीगढ़ :** आम आदमी पार्टी (आप) की नेता अनमोल गगन मान ने पंजाब विधानसभा की सदस्यता से रविवार को इस्तीफा दे दिया और कहा कि उन्होंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। अनमोल गगन मान (35) खरड़ विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुई थीं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से अपने इस्तीफे के बारे में जानकारी दी । उन्होंने पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां से उनका इस्तीफा स्वीकार करने का आग्रह किया है। मान ने 'एक्स' पर पंजाबी में एक पोस्ट में कहा, ''मैंने भारी मन से राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। विधायक पद से अध्यक्ष को दिया गया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''पार्टी के साथ मेरी शुभकामनाएं हैं। मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी।'' गायिका से नेता बनीं मान ने यह नहीं बताया कि उन्होंने यह निर्णय क्यों किया। 'आप' के सूत्रों ने दावा किया कि मान ने कुछ दिन पहले ही इस्तीफा दे दिया था लेकिन 'आप' ने उन्हें उनके फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए मनाने की कोशिश की थी।

## सरकार का लक्ष्य 15 अगस्त तक 'लखपति दीदियों' की संख्या दो करोड़ तक पहुंचाना है: चौहान



**जूनागढ़ (गुजरात) :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि भारत में 1.5 करोड़ महिलाएं पहले ही लखपति दीदी बन चुकी हैं और उनके मंत्रालय का लक्ष्य 15 अगस्त तक इस संख्या को दो करोड़ तक ले जाने का है। 'लखपति दीदी' से तात्पर्य स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की उस महिला सदस्य से है, जो प्रतिवर्ष एक लाख रुपये या उससे अधिक की आय अर्जित करती है। प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि चौहान ने गुजरात के जूनागढ़ शहर में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद- मूंगफली अनुसंधान निदेशालय का दौरा किया, जहां उन्होंने इसकी गतिविधियों की समीक्षा की और किसानों और स्वयं सहायता समूहों की लखपति दीदियों के साथ बातचीत की। चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर महिला को 'लखपति दीदी' बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा, ''कोई भी महिला गरीब क्यों रहे? यह अभियान पूरे भारत में चलाया जा रहा है। अब तक 1.5 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं और मेरा विभाग 15 अगस्त तक दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लिए लगातार कदम उठा रहा है।'' उन्होंने कहा कि जूनागढ़ में ऐसी महिलाएं हैं जो पहले से ही प्रतिवर्ष 10 लाख रुपये से अधिक कमा रही हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की

## कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता बघेल के साथ खड़ा है: प्रियंका गांधी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र की गिरफ्तारी के बाद शनिवार को कहा कि ऐसे हथकंडों से सच को दबाना और विपक्ष को डराना नामुमकिन है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता बघेल के साथ मजबूती से खड़ा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को कथित शराब घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के सारे जंगल अदाणी जी को समर्पित कर दिए हैं। पेसा कानून और एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए जंगलों को तबाह किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी विधानसभा में यह मुद्दा उठाने वाले थे। उन्हें रोकने के लिए सुबह-सुबह ईडी ने उनके घर पर छापा मारा और उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने दावा किया कि पिछले 11 वर्षों में देश अच्छी तरह समझ चुका है कि ये जनता की आवाज को कुचलने और विपक्ष को दबाने के तरीके हैं, लेकिन ऐसे हथकंडों से सच को दबाना और विपक्ष को डराना नामुमकिन है।

## सिंधु जल संधि पर रोक लगाना पाकिस्तान को करारा जवाब है, इससे जम्मू-कश्मीर को बहुत लाभ होगा: सिन्हा

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) एक ''ऐतिहासिक भूल'' थी और इस पर रोक लगाना पाकिस्तान को करारा जवाब है और इस कदम से केंद्र शासित प्रदेश को काफी लाभ होगा, जिससे वह अपनी वास्तविक जल विद्युत क्षमता का दोहन कर सकेगा। उपराज्यपाल ने कहा, ''भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, आतंकवाद और वार्ता एक साथ नहीं हो सकती तथा आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं हो सकते।'' उन्होंने कहा, ''सिंधु जल संधि पर रोक लगाना पाकिस्तान के लिए एक उचित



जवाब है और इसके दूरगामी परिणाम होंगे, क्योंकि वह सिंधु नदी प्रणाली पर निर्भर है।'' यहां संत कुमार शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक 'सिंधु जल संधि-तथ्यों का प्रतिबिंबन' का विमोचन करते हुए उपराज्यपाल ने इस संधि के विभिन्न ऐतिहासिक पहलुओं को सामने लाने के लिए लेखक को उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए बधाई दी। सिन्हा ने कहा, ''भारत का पानी अब भारत के भीतर बहेगा और भारत में ही रहेगा। सिंधु जल संधि पर रोक के साथ, अब झेलम और चिनाब नदियों पर हमारा पूर्ण नियंत्रण है।'' उन्होंने कहा कि इससे जम्मू के बंजर क्षेत्रों की सिंचाई की जा सकेगी और जम्मू-कश्मीर में बुनियादी ढांचे के विकास में नयी गति आएगी। उपराज्यपाल ने कहा कि भारत अब बुनियादी ढांचे, बिजली संयंत्रों का निर्माण करेगा। सिन्हा ने पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गये नागरिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की और जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद पीड़ितों को सम्मान देने और न्याय दिलाने के अपने संकल्प को दोहराया।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर दो अलग अलग दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत, 19 घायल



**मथुरा (उप्र) :** यमुना एक्सप्रेसवे पर बलदेव पुलिस थाना अंतर्गत दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह जानकारी शनिवार को पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कहा, पहली घटना शनिवार को तड़के तीन बजे उस समय हुई जब आगरा जा रही एक मिनी बस संभवतः ड्राइवर को झपकी आने से एक भारी वाहन से टकरा गई जिससे घटनास्थल पर ही छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि मृतकों में तीन लोग एक ही परिवार के हैं जिनमें धर्मवीर (55), उनका बेटा रोहित (20) और छोटा बेटा आर्यन (16) आगरा के हरलालपुर गांव के निवासी हैं। अन्य मृतकों की शिनाख्त दलवीर उर्फ फुल्ले (26) और उसका भाई पार्थ सिंह (22) निवासी मुरैना (मध्य प्रदेश) एवं दुष्यंत (22) निवासी अमेठी के रूप में की गई है।

## 'मेक इन इंडिया' के नाम पर हो रही असेंबलिंग, जमीनी बदलाव की जरूरत: राहुल

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि देश में 'मेक इन इंडिया' के नाम पर सिर्फ असेंबलिंग हो रही, असली विनिर्माण नहीं हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक भारत उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं बनता, रोज़गार, विकास और 'मेक इन इंडिया' की बातें सिर्फ भाषण ही रहेंगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पिछले सप्ताह ग्रेटर नोएडा में टेलीविजन निर्माण से संबंधित एक फैक्टरी का दौरा किया था। उन्होंने इसका एक वीडियो अपने 'एक्स' हैंडल और दूसरे सोशल मीडिया मंच पर साझा किया। राहुल गांधी ने पोस्ट किया, ''क्या आप जानते हैं कि भारत में बने ज्यादातर टीवी का 80 प्रतिशत हिस्सा चीन से आता है? 'मेक इन इंडिया' के नाम पर हम सिर्फ असेंबल कर रहे हैं- असली विनिर्माण नहीं। आईफोन से लेकर टीवी तक के पुर्ज़े विदेश से आते हैं, हम बस जोड़ते हैं।'' उन्होंने कहा, ''छोटे उद्यमी निर्माण करना चाहते



हैं, लेकिन न नीति है, न सहयोग। उल्टा, भारी कर और चुने हुए कॉरपोरेट का एकाधिकार है, जिसने देश के उद्योग को जकड़ रखा है।'' राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया, ''जब तक भारत उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं बनता, रोज़गार, विकास और 'मेक इन इंडिया' की बातें सिर्फ भाषण रहेंगी।'' उन्होंने कहा कि जमीनी बदलाव चाहिए ताकि भारत असेंबली लाइन से निकलकर असली विनिर्माण शक्ति बने और चीन को बराबरी की टक्कर दे सके।

## रसोइया की आपबीती से 11 साल बाद 300 आदिवासियों की गांव वापसी हुई

**अहमदाबाद :** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की एक अधिकारी द्वारा अनौपचारिक बातचीत के दौरान अपनी रसोइया से उसकी ससुराल के बारे में पूछे जाने के बाद करीब 11 साल से अपना गांव छोड़ दूसरी जगह रहने को मजबूर 300 आदिवासियों की घर वापसी संभव हुई। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, 29 परिवारों के कोडवा जनजाति के सदस्य बृहस्पतिवार को बनासकांठा जिले के आदिवासी बहुल दांता तालुका स्थित अपने पैतृक गांव मोटा पिपोदरा लौटे। राज्य



के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने स्वयं गांव में उनका स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर रह रहे विस्थापित आदिवासियों की घर वापसी तब संभव हुई जब दांता संभाग की सहायक पुलिस अधीक्षक सुमन नाला को अपनी रसोइया अल्का से उनकी दुर्दशा के बारे में पता चला।

## किसी भी आख्यान से प्रभावित न हों, कोई ताकत भारत को निर्देश नहीं दे सकती : धनखड़

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि लोगों को किसी आख्यान से प्रभावित नहीं होना चाहिए क्योंकि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को यह निर्देश नहीं दे सकती कि उसे अपने मामलों को कैसे संभालना है। धनखड़ ने कहा कि इस देश में सभी निर्णय इसके नेतृत्व द्वारा लिए जाते हैं। उपराष्ट्रपति ने रेखांकित किया कि भारत आपसी सहयोग से काम करता है, परस्पर सम्मान रखता है और अन्य देशों के साथ कूटनीतिक संवाद करता है। उन्होंने कहा, ''लेकिन अंततः हम संप्रभु हैं, हम अपने फैसले खुद लेते हैं।'' धनखड़ की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब



विपक्ष अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया भारत-पाकिस्तान झड़प में 'संघर्ष विराम' कराने के दावे पर सरकार से स्पष्टीकरण की मांग कर रहा है। उन्होंने यहां भारतीय रक्षा संपदा सेवा के प्रशिक्षुओं के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा, ''बाहरी आख्यानों से निर्देशित न हों। इस देश में, एक संप्रभु राष्ट्र में, सभी निर्णय इसके नेतृत्व द्वारा लिए जाते हैं। दुनिया में ऐसी कोई ताकत नहीं है जो भारत को यह निर्देश दे कि उसे अपने मामलों को कैसे संभालना है।'' उपराष्ट्रपति ने क्रिकेट की शब्दावली में कहा कि हर खराब गेंद को खेलना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा, ''क्या इस बात पर माथापच्ची करने की जरूरत है कि किसने क्या कहा? जो क्रिकेट पिच पर अच्छे रन बनाता है, वह हमेशा खराब गेंदें छोड़ता है। वे लुभाने वाली होती हैं, लेकिन कोशिश नहीं की जातीं। और जो कोशिश करते हैं, उनके लिए आपके पास विकेटकीपर और गली में किसी के दस्ताने होते हैं।''

# बिहार में अब पांच अमृत भारत ट्रेन हैं, देश में किसी भी राज्य में सबसे अधिक

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुक्रवार को चार गैर-वातानुकूलित अमृत भारत ट्रेन की शुरुआत किए जाने के बाद बिहार से चलने वाली ऐसी ट्रेन की संख्या बढ़कर पांच हो जाएगी। अत्याधुनिक तकनीक वाली ये ट्रेन आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए बनाई गई हैं। इसके साथ ही, बिहार से चलने वाली ऐसी ट्रेन की संख्या देश के किसी भी राज्य की तुलना में सबसे अधिक हो गई है, जहां इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। शुक्रवार को शुरू की गईं ट्रेन से पहले, बिहार में दो अमृत भारत ट्रेन थीं – एक दरभंगा और दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल के बीच,



जिसकी शुरुआत 2023 में हुई थी और दूसरी मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस से सहरसा तक चलने वाली, जिसकी शुरुआत 24 अप्रैल, 2025 को हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि अब यह संख्या बढ़कर पांच हो गई है। उन्होंने कहा कि ये चार नयी ट्रेन पहले वाली ट्रेन का उन्नत संस्करण हैं, जो बेहतर यात्री सुविधाएं जैसे बेहतर आराम और बेहतर सुरक्षा प्रौद्योगिकी सुनिश्चित करेंगी। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा, ''राजेंद्र नगर (पटना के पास) – नयी दिल्ली अमृत भारत ट्रेन लगभग 1,000 किलोमीटर की दूरी लगभग साढ़े 17 घंटे में तय करेगी और स्लीपर श्रेणी में पूरी यात्रा का किराया 560 रुपये होगा। इसकी नियमित सेवा 31 जुलाई से शुरू होगी।'' अधिकारी ने कहा, ''दूसरी ट्रेन, बिहार के बापूधाम मोतिहारी और आनंद विहार (नयी दिल्ली) के बीच चलेगी। यह भी 1,000 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और स्लीपर श्रेणी के लिए पूरी यात्रा का किराया 555 रुपये होगा। इसकी नियमित सेवा की घोषणा अभी नहीं की गई है और इसकी घोषणा अलग से की जाएगी।'' उन्होंने कहा, ''बिहार के दरभंगा और उत्तर प्रदेश के गोमती नगर के बीच तीसरी ट्रेन में गैर-एसी स्लीपर श्रेणी के लिए पूरी यात्रा का किराया 415 रुपये होगा और इसकी सामान्य सेवा 26 जुलाई से शुरू होगी।'' चौथी अमृत भारत ट्रेन का उद्घाटन बिहार के भागलपुर से हुआ लेकिन यह 24 जुलाई से पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन और गोमती नगर के बीच साप्ताहिक रूप से चलेगी। हालांकि, रेलवे के अनुसार, इस अमृत भारत ट्रेन का सबसे ज़्यादा फ़ायदा बिहार को मिलेगा क्योंकि इसका लगभग पूरा मार्ग इसी राज्य से होकर गुजरता है।

### सैफ अली खान पर हमला: आरोपी ने जमानत याचिका दायर की, 'काल्पनिक कहानी' का किया दावा

**मुंबई :** अभिनेता सैफ अली खान को चाकू मारकर घायल करने के आरोप में गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक ने यहां एक अदालत में जमानत याचिका दायर करके दावा किया कि वह निर्दोष है और उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी एक ''काल्पनिक कहानी'' है। अभिनेता खान (54) पर इसी साल 16 जनवरी को बांद्रा स्थित उनके 12वीं मंजिल स्थित अपार्टमेंट में चाकू से कई वार किए गए थे। लीलावती अस्पताल में उनकी एक आपातकालीन सर्जरी हुई थी, जहां से उन्हें पांच दिन बाद छुट्टी दे दी गई थी। पुलिस ने घटना के दो दिन बाद मोहम्मद शरीफुल इस्लाम (30) को ठाणे से गिरफ्तार कर लिया था।

## आरेडिका में वृक्षारोपण अभियान: महाप्रबंधक के आह्वान पर मिला व्यापक सहयोग

**रायबरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका), रायबरेली में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के आह्वान पर जुलाई माह में वृहत स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान में अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूली बच्चों, यूनियनों, महिला कल्याण संगठन एवं स्काउट्स एंड गाइड के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रीन इनिशिएटिव के तहत टाइप-2 और टाइप-3 आवासीय कॉलोनियों, तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र और फैक्ट्री परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर आँवला, अमरूद, जामुन, नीम, आम आदि के पौधे लगाए गए। स्काउट्स एंड गाइड सेंटर में 68 पौधे रोपे गए, जिनकी देखरेख की जिम्मेदारी बच्चों ने ली। रेलवे सुरक्षा बल ने मथना नाला क्षेत्र, टाइप-4 सिंगल स्टोरी कॉलोनी, बैरक ग्राउंड और आलोक जौहरी रोड के किनारे कुल 575 बीज और पौधे रोपित किए। वहीं, गोल्फ कोर्स क्षेत्र में पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता सुधा सिंह और आरेडिका खेल-कूद संघ के अध्यक्ष बीएल मीना ने सदस्यों के साथ पौधारोपण किया। ज्ञानदा बाल मंदिर में छोटे बच्चों और महिला सदस्यों ने उत्साह से भाग लिया। आरेडिका के प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव के अनुसार, संस्थान में पीपल, नीम, गुलमोहर, कचनार, अमलताश आदि के कुल 50,000 पौधों और 2.75 लाख बीजों के रोपण की योजना है। महाप्रबंधक मिश्रा ने इस सामूहिक प्रयास के लिए सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

# भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 40 अरब अमेरिकी डॉलर हुआ: वैष्णव

**हैदराबाद :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पिछले 11 वर्षों में आठ गुना वृद्धि के साथ 40 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन छह गुना बढ़ गया है। आईआईटी हैदराबाद के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, वैष्णव ने भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की तेज प्रगति का जिक्र भी किया, जिसके अगस्त या सितंबर 2027 तक चालू होने की उम्मीद है। वैष्णव ने कहा कि इस साल व्यावसायिक स्तर पर पहली भारत में बनी सेमीकंडक्टर चिप आएगी। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत आने वाले वर्षों में दुनिया के शीर्ष पांच सेमीकंडक्टर उत्पादक देशों में एक बनने की राह पर है। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी



मंत्री ने कहा, 'महज 11 वर्षों में, हमने अपने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को छह गुना बढ़ा दिया है। यह दोहरे अंकों की वृद्धि है। हमने अपने निर्यात को आठ गुना बढ़ाया है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में 40 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात को पार कर लिया है।' उन्होंने कहा कि यह वृद्धि की अभूतपूर्व गति है, जो बहुत कम देशों ने पहले कभी देखी है। उन्होंने इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया और कहा कि लगभग साढ़े तीन वर्षों में, भारत एक संपूर्ण 4जी दूरसंचार स्टैक डिजाइन कर सकता है। आज, यह लगभग 90,000 दूरसंचार टावरों पर स्थापित है, जो दुनिया के कई देशों के नेटवर्क से भी अधिक है।

## यस बैंक का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 59 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई :** निजी क्षेत्र के यस बैंक ने शनिवार को बताया कि जून तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 59 प्रतिशत बढ़कर 801 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान मुख्य शुद्ध ब्याज आय 5.7 प्रतिशत बढ़कर 2,371 करोड़ रुपये हो गई। ऋण में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई और शुद्ध ब्याज मार्जिन 0.10 प्रतिशत बढ़कर 2.5 प्रतिशत रहा। बैंक ने बताया कि समीक्षाधीन अवधि में अन्य आय 46 प्रतिशत बढ़कर 1,752 करोड़ रुपये हो गई। बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि बैंक खुदरा ऋण वृद्धि को लेकर सतर्क है, क्योंकि वह कम मार्जिन वाले उत्पादों को विकसित नहीं करना चाहता।

## भारत, अमेरिका की टीमों ने प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूरी की: अधिकारी

नयी दिल्ली : भारत और अमेरिका की टीमों ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए 17 जुलाई को वाशिंगटन में पांचवें दौर की वार्ता पूरी कर ली है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह वार्ता वाशिंगटन में चार दिन (14-17 जुलाई) तक चली। अधिकारी ने कहा, भारतीय टीम वापस आ रही है। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल वार्ता दल का नेतृत्व कर रहे हैं। ये विचार-विमर्श इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों पक्ष एक अगस्त से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं, जब भारत सहित दर्जनों देशों पर लगाए गए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क (26 प्रतिशत) की निलंबन अवधि का अंतिम दिन है। इस साल दो अप्रैल को, ट्रंप ने इन उच्च जवाबी शुल्कों की घोषणा की थी।

## भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता एक अक्टूबर से लागू होगा : गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता एक अक्टूबर से लागू होगा। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत, भारत को इस समूह से 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और तराशे व पॉलिश किए हुए हीरों जैसे कई उत्पादों पर कम या शून्य शुल्क की अनुमति दी गई है। गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, भारत-ईएफटीए समझौता एक अक्टूबर से लागू होगा। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। इस संगठन ने 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इसके तहत समझौते के कार्यान्वयन के बाद 10 वर्षों के भीतर 50 अरब डॉलर और अगले



पांच वर्षों में 50 अरब डॉलर का निवेश होगा, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इस ब्लॉक में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार स्विट्जरलैंड है। शेष तीन देशों के साथ भारत का व्यापार कम है। इस समझौते के तहत, भारत अपनी 82.7 प्रतिशत शुल्क लाइनों या उत्पाद श्रेणियों की पेशकश कर रहा है, जो ईएफटीए निर्यात का 95.3 प्रतिशत कवर करती हैं, जिनमें से 80 प्रतिशत से अधिक आयात सोने का है।

## बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 40 करोड़ रुपये की चार किलोग्राम कोकीन जब्त




**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि डीआरआई अधिकारियों ने बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 40 करोड़ रुपये मूल्य की चार किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की है। इस संबंध में एक यात्री को गिरफ्तार भी किया गया। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने 18 जुलाई को दोहा से बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आए एक भारतीय पुरुष यात्री को रोका। मंत्रालय ने कहा कि यात्री के पास दो सुपरहीरो की कॉमिक्स/ पत्रिकाएं थीं, जो असामान्य रूप से भारी थीं। इसके बाद अधिकारियों ने पत्रिकाओं के कवर में छिपाए गए सफेद पाउडर को बरामद किया। मंत्रालय ने कहा, 'पाउडर में कोकीन पाया गया। बरामद कोकीन का वजन 4,006 ग्राम (चार किलोग्राम से अधिक) है और इसका अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य लगभग 40 करोड़ रुपये है, जिसे एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त किया गया।'









वर्ष 10, पूर्णांक 3302 अंक 112, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in